दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 10
कोटद्वार गुरूवार
27 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट खुले

**रुद्रप्रयाग।** पंचकेदारों में तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार और पौराणिक विधि विधान के साथ आम तीर्थयात्रियों के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। अब ग्रीष्मकाल के छह माह तुंगनाथ धाम में ही भगवान के दर्शन होंगे। भगवान के मंदिर में नित्य पूजांए व आरती के बाद भक्तों को दर्शन करने का सौभाग्य मिला। बुधवार को सुबह 7 बजे पुजारी एवं वेदपाठियों ने पर्यटक स्थल चोपता में भगवान तुंगनाथ की विशेष पूजा अर्चना कर आरती उतारी। जिसके बाद चोपता में भक्तों ने भगवान तुंगनाथ की डोली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। भक्तों के पौराणिक जागर एवं जयकारों के साथ ही स्थानीय वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों के साथ ठीक नौ भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली अपने धाम के लिए रवाना हुई। भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली सुरम्य मखमली बुग्यालों गुजरते हुए ठीक पौने 11 बजे अपने धाम पहुंची। भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली मन्दिर की तीन परिक्रमा की। इस दौरान तुंगनाथ धाम में भक्तों के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। जिसके बाद बद्री–केदार मंदिर समिति, प्रशासन एवं हक हकूकधारियों की मौजदूगी में ठीक 11.50 बजे कर्क लगन में भगवान तुंगनाथ के कपाट विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ ग्रीष्मकाल के छह माह के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के बाद मठापति रामप्रसाद मैठाणी के नेतृत्व वेदपाठियों ने भगवान तुंगनाथ के स्वयंभू लिंग का अभिषेक, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक कर आरती कर विशेष पूजा अर्चना की।

## युवती से दुष्कर्म की कोशिश करने वाले को सात साल की सजा

**देहरादून।** युवती को रास्ते में रोककर दुष्कर्म का प्रयास करने के दोषी को कोर्ट ने सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। स्पेशल फास्ट ट्रैक जज पंकज तोमर की अदालत ने दोषी पर कुल 26 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड में से बीस हजार रुपये पीड़िता को देने होंगे। दोषी को न्यायालय परिसर से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। शासकीय अधिवक्ता किशोर कुमार ने बताया कि युवती ने 20 फरवरी 2018 को कालसी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि उसकी मां स्कूल में भोजन माता का काम करती हैं। 19 फरवरी 2018 को उनकी मां की तबीयत खराब थी। मां ने उसे ही स्कूल में खाना बनाने के लिए भेज दिया था। युवती स्कूल में खाना बनाकर वापस लौट रही थी तो क्षेत्र के ही रहने वाले रूप सिंह ने उसे रास्ते में रोक लिया। उसके साथ जबरन दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर मारपीट की। इस दौरान उसने युवती को दांतों से काट भी लिया। युवती ने शोर मचाया तो क्षेत्र के कई लोग उसे बचाने के लिए आ गए। दो महिलाओं ने उसे रूप सिंह के चंगुल से बचाया।

## 15 मकानों में नोटिस चस्पा किए, 4 कच्ची झोपड़ी तोड़ी

**हल्द्वानी।** तराई केंद्रीय वन प्रभाग की गौला रेंज की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। बुधवार को गौला रेंज के रेंजर सीएस अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम ने गौजाजाली के पास एनएच के किनारे व रेलवे पटरी के किनारे बने अवैध 15 मकानों में नोटिस चस्पा किया। इसके अलावा 4 कच्ची झोपड़ियों को भी तोड़ दिया। रेंजर अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# उत्तराखंड के परिवहन मंत्री का निधन, तीन दिन का राजकीय शोक घोषित

**देहरादून।** प्रदेश के परिवहन कल्याण मंत्री बागेश्वर के विधायक चंदन राम का राजनीतिक करियर 1980 में शुरू हुआ। वह 1997 में नगर पालिका बागेश्वर के निर्दलीय अध्यक्ष बने। इससे पूर्व एमबी डिग्री कालेज हल्द्वानी में बीए प्रथम वर्ष में निर्विरोध संयुक्त सचिव बने। 1980 से राजनीति जीवन की शुरूआत की।

बुधवार को भाजपा ने अपना एक कर्मठ नेता खो दिया। चंदन रामदास लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इससे पहले भी विधानसभा सत्र के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। तब उन्हें सत्र छोड़कर जाना पड़ा था। बुधवार को एक बार फिर उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी। उन्हें जिला अस्पताल बागेश्वर में भर्ती कराया गया था। दोपहर करीब 1:00 बजे सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें जिला अस्पताल भर्ती किया गया है।

उनकी तबीयत बिगड़ने की खबर मिलने पर जिला मुख्यालय में बैठक छोड़कर जिले के प्रभारी मंत्री सौरव बहुगुणा, डीएम एसपी समेत तमाम आला अधिकारियों का अस्पताल में जमावड़ा लग गया। कुछ देर बाद उनके निधन की खबर सामने आई।

2006 में पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी की प्रेरणा पर चंदन रामदास भाजपा में शामिल हुए थे। 2007, 2012, 2017 और 2022 में वह लगातार चौथी बार विधायक चुने गए। उनके निधन पर 26 से 28 अप्रैल तक प्रदेश में राजकीय शोक घोषित किया गया है।



### सीएम धामी ने किया दु:ख व्यक्त

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा मंत्रिमंडल में हमारे वरिष्ठ साथी चंदन राम दास जी का निधन पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने समाज में गरीबों, शोषितों, पिछड़ों के लिए और आम आदमी की भलाई के लिए संपूर्ण जीवन कार्य किया। वे एक संघर्षशील नेता थे। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम छोर में खड़े लोगों की आवाज को उठाने और समाधान की ओर ले जाने का कार्य किया। उनका सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व था।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को सभी प्रदेशवासियों की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

### कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया शोक व्यक्त

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तर-ाखण्ड सरकार में कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय चंदन राम दास एक लोकप्रिय एवं मृदुभाषी जनप्रतिनिधि के साथ–साथ एक कुशल प्रशासक थे। उनका निधन हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है।राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों की प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### हमेशा खलती रहेगी उनकी कमी : महाराज

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, सिंचाई, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड सरकार में अपने सहयोगी कैबिनेट मंत्री, बागेश्वर विधानसभा से विधायक चन्दन राम दास के आकस्मिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। महाराज ने कहा कि कैबिनेट मंत्री, बागेश्वर विधानसभा से विधायक चन्दन राम दास पिछले कुछ समय से एनीमिया और शुगर की बीमारी से ग्रस्त थे लेकिन उसके बावजूद भी उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा था। अचानक इस तरह से उनका हमें छोड़ कर चले जाना हम सभी को स्तब्ध कर रहा है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। महाराज ने कहा कि कैबिनेट मंत्री, बागेश्वर विधायक चन्दन राम दास विशाल व्यक्तित्व के धनी होने के साथ–साथ अपने समाज, क्षेत्र और पूरे उत्तराखंड के लिए कार्य करते थे। उनका इस तरह अकस्मात चले जाना हम सभी के लिए बहुत ही दुखद है। उनका अभाव हमेशा खलता रहेगा, इसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है।

## 25 कुंतल फूलों से सजा बदरी विशाल का धाम, आज खुलेंगे मंदिर के कपाट



**बदरीनाथ ।** विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसके तहत बुधवार को योगबदरी मंदिर पांडुकेश्वर से कुबेर जी, उद्धव जी की उत्सव डोली, गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा, आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी और बदरीनाथ के रावल बदरीनाथ धाम पहुंचे।यहां यात्रा का हक–हकूकधारियों और बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के कर्मचारियों ने फूल–मालाओं से स्वागत किया। अब बृहस्पतिवार को प्रातः 7:10 बजे विधि विधान के साथ बदरीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। इसके लिए बदरीनाथ धाम को 25 कुंतल फूलों से सजाया गया है। बदरीनाथ के साथ ही धाम में स्थित प्राचीन मठ–मंदिरों को भी गेंदे के फूलों से सजाया गया है।

मंगलवार को जोशीमठ नृसिंह मंदिर से आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी के साथ बदरीनाथ के रावल रात्रि प्रवास के लिए पांडुकेश्वर स्थित योगबदरी मंदिर पहुंचे थे। बुधवार को ब्रह्ममुहूर्त में रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने योगबदरी मंदिर में पूजा–अर्चना की।इसके बाद कुबेर जी और उद्धव जी की प्रतिमाओं को उत्सव डोली में विराजमान कर बदरीनाथ धाम के लिए रवाना किया गया। दोपहर करीब दो बजे सभी डोलियां और गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा बदरीनाथ धाम पहुंचीं। ज्योतिष्पीठाधीश्वर के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज भी यात्रा के साथ बदरीनाथ पहुंचे। बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सीईओ योगेंद्र सिंह, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, आशुतोष डिमरी, बृजेश सती, प्रकाश रावत, तेजवीर कंडेरी के साथ ही बीकेटीसी कर्मचारियों व तीर्थयात्रियों ने रावल, शंकराचार्य गद्दी और गाडू घड़ा का फूल–मालाओं और जय बदरी विशाल के जयकारों के साथ स्वागत किया।

# दंतेवाड़ा में नक्सली हमला, आईईडी ब्लास्ट में 3 हेड कांस्टेबल सहित 10 जवान शहीद, नागरिक की भी मौत

**दंतेवाड़ा , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार दोपहर को नक्सली हमले में 10 जवान शहीद हो गए। वहीं एक नागरिक भी मारा गया है। सभी जवान डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के हैं। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान सर्चिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इसकी चपेट में जवानों का वाहन भी गया। इसमें 10 जवान शहीद हो गए। दूसरी ओर गृहमंत्री अमित शाह ने भी नक्सली हमले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात की है। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

जानकारी के मुताबिक, माओवादी कैडर की मौजूदगी की सूचना पर दंतेवाड़ा से डीआरजी जवानों को रवाना किया गया था। इसके बाद सभी जवान वहां से लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने अरनपुर मार्ग पर पालनार में ब्लास्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि जवान एक प्राइवेट वाहन से निकले थे। हमले में एक नागरिक की भी मौत हुई है। हमले के बाद जवानों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। इसमें कुछ नक्सली भी घायल हुए हैं। मौके पर फोर्स पहुंच गई है। वारदात की पुष्टि आईजी सुंदरराज पी. ने की है। हेड कॉन्सटेबल जोगा सोढी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, जोगा कवासी, हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम और जगदीश कवासी शहीद हुए हैं। इनके साथ ही प्राइवेट वाहन के चालक धनीराम यादव की भी मौत हो गई है।



बताया जा रहा है कि वाहन में 25 से 30 जवान सवार थे। घायल जवानों को जिला अस्पताल लाने के लिए चार एंबुलेंस को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया है। घटना के बाद आसपास के एरिया में सर्चिंग तेज कर दी गई है। एसपी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

बस्तर में नक्सलियों ने इस समय टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन चला रखी है। इस दौरान नक्सली अक्सर बड़े हमले करते हैं। इसके चलते फोर्स पहले से ही अलर्ट मोड पर है। इसी के तहत जवानों की भी सर्चिंग लगातार जारी है। पिछले सप्ताह बीजापुर कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर नक्सलियों ने हमला किया था। वह साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ सभा कर लौट रहे थे। इसके तीन दिन बाद नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर टीसीओसी चलाए जाने की बात कही थी। हालांकि विधायक को निशाना बनाने की बात से इनकार किया था।

इससे पहले साल 2021 में अप्रैल माह में ही नक्सलियों ने सबसे बड़ हमला बीजापुर के तर्रेम क्षेत्र के टेकलगुड़ा में किया था। उस समय नक्सलियों ने बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) से हमला किया था। इसमें 22 जवान शहीद हुए थे और 35 से ज्यादा घायल हुए थे। नक्सली हमले के साथ ही जवानों से हथियार भी लूटकर ले गए थे। इसी दौरान नक्सलियों ने सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जवान राकेश्वर सिंह मन्हास का अपहरण किया था। हालांकि बाद में उसे रिहा कर दिया था।

दंतेवाड़ा नक्सली हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही उन्होंने शहीद जवानों के परिवारों के लिए भी संवेदनाएं प्रकट की। प्रधानमंत्री ने कहा कि, दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वारदात की पुष्टि करते हुए शोक जताया है। उन्होंने कहा है कि, इस प्रकार की जानकारी है और यह दुखद है। जो जवान शहीद हुए हैं उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। यह लड़ाई अंतिम दौर में चल रही है और नक्सलियों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। हम योजनाबद्ध तरीके से नक्सलवाद को खत्म करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी हमले को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि, दंतेवाड़ा के अरनपुर में पुलिस वाहन पर हमला करके नक्सलियों ने कायरता दिखाई है, इस हमले में शहीद हुए हमारे डीआरजी के 10 वीर जवान और 1 ड्राइवर की शहादत को नमन करते हुए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी नक्सली हमले को लेकर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सली हमले में 11 जवानों के शहीद होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। मैं इस तरह की कायरतापूर्ण कार्रवाई की कड़ी निंदा करता हूं। मैं सभी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और दुख की इस घड़ी में हम सब उनके परिजनों के साथ हैं। जय हिंद।

# पटियाला में अंतिम दर्शन को उमड़े लोग, लंबी पहुंचा पार्थिव शरीर, आज होगा अंतिम संस्कार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद बादल को पिछले हफ्ते ही मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में दाखिल किया गया था। तकलीफ बढ़ने पर शुक्रवार को उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया था। अस्पताल के मुताबिक उन्होंने रात करीब आठ बजे अंतिम सांस ली।

पंजाब के दिग्गज नेता प्रकाश सिंह बादल ने पांच बार मुख्यमंत्री का पद संभाला। वे पंजाब के सबसे युवा और उम्रदराज मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्होंने पहली बार 1970 में 43 साल की उम्र में मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली, तब वह पंजाब के सबसे कम उम्र के सीएम बने थे। साल 2012 में 84 वर्ष की आयु में बादल ने सबसे उम्रदराज सीएम के तौर पर शपथ ली। भारत सरकार ने उन्हें 2015 में देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया था।

प्रदेश की सिख केंद्रित राजनीति का केंद्र बिंदु रहे बादल धार्मिक सिख संस्थाएं– एसजीपीसी और डीएसजीपीसी में भी अपना प्रभाव रखते थे। उन्होंने



अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1947 में की। वह अपने गांव बादल के सरपंच और फिर ब्लॉक समिति लंबी के अध्यक्ष रहे। वह 1957 में राजनीतिक दल शिरोमणि अकाली दल के टिकट पर पहली बार पंजाब विधानसभा के लिए चुने गए।

इसके बाद 1969 में भी वह विधायक चुने गए और राज्य की सरकार में सामुदायिक विकास, पंचायती राज, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री बने। 1972, 1980 और 2002 में उनकी पार्टी को विपक्ष में बैठना पड़ा और तब बादल विधानसभा में विपक्ष के मजबूत नेता के रूप में भी सफल रहे। साल 2022 पंजाब विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने लंबी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ा। आम आदमी पार्टी की लहर में उन्हें अपनी सीट गंवानी पड़ी। चुनाव लड़ते ही देश के सबसे उम्रदराज उम्मीदवार का रिकॉर्ड उनके साथ जुड़ गया।

पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार 27 अप्रैल गुरुवार को उनके पैतृक गांव बादल में दोपहर एक बजे होगा। इससे पहले 26 अप्रैल को उनके पार्थिव शरीर को आम लोगों के दर्शन के लिए सुबह 10 बजे चंडीगढ़ के सेक्टर 28 स्थित शिरोमणि अकाली दल के कार्यालय में रखा जाएगा। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे उनकी अंतिम यात्रा शुरू होगी। यह यात्रा राजपुरा, पटियाला, संगरूर, बरनाला, रामपुरा फूल, बठिंडा के रास्ते गांव बादल पहुंचेगी।

पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने लंबे समय तक सिख और पंजाब की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिरोमणि अकाली दल को एक क्षेत्रीय पार्टी के रूप में महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में उनके योगदान और कई उतार–चढ़ाव के बीच उनकी नेतृत्वकारी भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा। बादल परिवार के साथ अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वह परिवार को इस भारी क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में शाश्वत स्थान दें।

पंजाब सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर 27 अप्रैल को छुट्टी का एलान किया है। इस दौरान सभी दफ्तर और विधिक संस्थान बंद रहेंगे। बता दें कि 27 अप्रैल को पैतृक गांव में प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार होगा।

शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल को अंतिम श्रद्धांजलि देने दोपहर 12 बजे पीएम नरेंद्र मोदी चंडीगढ़ पहुंचेंगे। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक व्यक्त किया था।

फोर्टिस अस्पताल से पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का पार्थिव शरीर एंबुलेंस से चंडीगढ़ स्थित शिरोमणि अकाली दल के कार्यालय ले जाया गया। यहां पर अंतिम दर्शन को पार्थिव शरीर को रखा जाएगा। प्रकाश सिंह बादल के पार्थिव शरीर को पार्टी के झंडे से लपेटा गया है। पार्टी कार्यालय में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है।

# समलैंगिक विवाह का मामला संसद पर छोड़ दें

### केंद्र की सुप्रीम कोर्ट से अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि सेम जेंडर मैरिज को कानूनी मंजूरी देने की मांग वाली याचिकाओं पर उठाए गए सवालों को संसद पर छोड़ने पर विचार किया जाए।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत एक बेहद ही जटिल मुद्दे से निपट रही है, जिसका सामाजिक प्रभाव काफी गहरा है। इसी तुषार मेहता ने कहा कि असम सवाल तो यह है कि शादी आखिर किससे और किसके बीच होगी ? इस पर फैसला कौन करेगा। आपको बता दें कि संविधान पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एस आर भट भी शामिल हैं। तुषार मेहता ने कहा कि इसका कई अन्य कानूनों पर भी प्रभाव पड़ेगा, जिसको लेकर समाज



में और विभिन्न राज्य विधानसभाओं में भी बहस की जरूरत होगी। मामले की सुनवाई चल रही है। सेम जेंडर मैरिज से जुड़ी याचिकाओं की चौथे दिन हाइब्रिड तरीके से सुनवाई हुई थी, क्योंकि न्यायमूर्ति एस आर कोरोना की चपेट में आ गए थे। ऐसे में चौथे दिन न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एस आर भट वर्चुअल तरीके से शामिल हुए थे। प्रधान न्यायाधीश ने खुद इसकी जानकारी दी थी।इस मामले की सुनवाई के पहले दिन 18 अप्रैल को केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि अदालत इस सवाल पर विचार कर सकती है या नहीं, इस पर प्रारंभिक आपत्ति पहले सुनी जानी चाहिए।

# गढ़वाल कमिश्नर और डीआईजी ने यात्रा मार्ग में व्यवस्थाएं परखी



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार एवं पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने यात्रा में तैनात अधिकारियों एवं कार्मिकों को अपने कर्तव्य निर्वहन में पूर्ण सजगता और ईमानदारी बरते जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के प्रारंभिक चरण में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं, लेकिन सप्ताह भर के अंदर सभी इस रूटीन में ढल जाएंगे। दर्शन के उपरांत गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार एवं पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल ने केदारनाथ धाम पैदल चलकर यात्रा पड़ाव में पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा केदारनाथ धाम में आ रहे तीर्थ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व पुलिस प्रभारियों को यात्रा में आए श्रद्धालुओं की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने तथा स्वयं का मनोबल उच्च बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्री अपनी यात्रा प्रारम्भ करते हुए पूरे जोश में रहता है, परन्तु यात्रा के दौरान थकान लगने से यात्रा पड़ावों में पहुंचकर उनके स्वभाव में भले ही कुछ परिवर्तन हो सकता है, परन्तु आप लोगों को सभी के साथ सौम्य व्यवहार करना है, क्योंकि यहां पर आने वाला श्रद्धालु हमेशा तो नहीं आने वाला, जैसा आपका व्यवहार रहेगा, उसके मन में यहां के प्रति वैसी ही धारणा रहेगी।

## मन की बात कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर

नई टिहरी : जनपद के जाखणीधार ब्लाक में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सौवें एपिसोड को लेकर भाजपाइयों ने तैयारी बैठक आयोजित की। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाला यह एपिसोड अहम होगा। पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम हर महीने के आखिरी रविवार को ऑल इंडिया रेडियो पर प्रसारित होने वाला एक मासिक संबोधन है। जिसके जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से संवाद करते हैं। जिसका सौवां एपिसोड आगामी 30 अप्रैल को प्रसारित होगा। इस अहम एपिसोड के लिए भाजपाईयों ने ब्लाक जाखणीधार तैयारी बैठक में अधिकाधिक संख्या में मन की बात कार्यक्रम को सुनने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक सुशील बहुगुणा ने इस मौके पर कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है ।

# आशाओं ने मांगों को लेकर पीएम और सीएम को भेजा ज्ञापन




नई टिहरी : विभिन्न मांगों को लेकर आशा व आशा फैसिलेटर स्वास्थ्य कार्यकर्ता संगठन ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री को ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा करने की मांग करते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी न हुई तो उनका संगठन आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होगा। बुधवार को आशा फैसिलेटर स्वास्थ्य कार्यकर्ता संगठन ने डीएम के माध्यम से पीएम, सीएम व श्रम मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किये। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि आशाओं को 20 दिन के स्थान पर 30 दिन की मोबिलिटी दी जाय। न्यूनतम वेतनमान 24 हजार किया जाय। सामाजिक सुरक्षा दी जाय। यात्रा भता, पीएलए बैठक का भत्ता 1000 करने, दूरस्थ एरिया के लिए भत्ता, सर्दी-गर्मी के अनुसार वर्दी देने, 2017 के बाद जून, जुलाई व अगस्त का रुका हुआ वेतन दिया जाय। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि आशओं व आशा फैसिलेटरों को कम वेतन मिल रहा है। जिसके कारण 11086 आशाओं का मार्ग दर्शन आशा फैसिलेटरों द्वारा किया जा रहा है। राज्य व केंद्र की विभिन्न योजनाओं में कार्य कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को पूरा कर रहे हैं। काम अधिक व वेतन कम मिलने से यह स्थित है कि घर की आजीविका नहीं चला पा रहे हैं। इसलिए आशा व आशा फैसिलेटरों को वेतन क्रमशः 18000 व 24000 किया जाय। ज्ञापन देने वालों में सीमा सेमवाल, आशा ममगाई, भजनी सकलानी, रेखा नेगी, प्रमिला कोठारी, उषा गुसांई, आशा जोशी, लक्ष्मी नेगी, हेमवती, विमला रांगड़, अनीता रावत, कमलेश थलवाल, संगीता विजल्वाण, रोशनी देवी, मीना रावत, उर्मिला नेगी, सविता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया कैंसर जागरूकता शिविर का शुभारंभ

### कैंसर से डरना नहीं, लड़ना है : प्रेमचंद

देहरादून। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय और श्री महंत इंदिरेश अस्पताल की ओर से कैंसर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बुधवार को धनवंत्री भवन ऋषिकेश में कैंसर जागरूकता शिविर का शुभारंभ वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अजय कुमार खंडूड़ी, श्री दरबार साहित के अधिकृत हस्ताक्षर प्रबंधक विजय नौटियाल, कैंसर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार गर्ग ने किया। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के कैंसर सर्जरी विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की सरहाना की। उन्होंने अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा व शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही मुहिम की सराहना की। कैबिनेट मंत्री ने आश्वासन दिया कि अनिवार्य कैंसर अधिसूचना के लिए वह स्वास्थ्य मंत्री से बात करेंगे, ताकि कैंसर के सही आंकड़ों का पता लगाया जा सके। कहा कि कैंसर से डरना नहीं लडना है। जनजागरूकता फैलाकर इस मुहिम को और आगे बढ़ाया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अजय कुमार खंडूड़ी ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज के आशीर्वचन प्रस्तुत किए। वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ पंकज गर्ग ने भारत में कैंसर के आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि भारत में हर साल लगभग 14–15 लाख नए कैंसर के मामले दर्ज किए जाते हैं। हालांकि, भारत में डेटा की कम रिपोर्टिंग के कारण वास्तविक संख्या बहुत अधिक हो सकती है।

## अध्यक्ष मनोज और सचिव हरेंद्र चुने गए

देहरादून। उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग वित्तीय कार्यालय मिनिस्ट्रीयल संघ की बैठक में विभाग के संरचनात्मक ढांचे में त्रुटिपूर्ण किए गए निःसंवर्गीय पदों को संवर्गीय और पुनर्जीवित करने की मांग की गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद बछेती की देखरेख में जनपद टिहरी के वित्तीय कार्यालय मिनिस्ट्रीयल संघ का चुनाव भी हुआ। चुनाव में अध्यक्ष मनोज भट्ट और सचिव हरेंद्र सिंह चुने गए। जबकि उपाध्यक्ष प्रताप सिंह कंडवाल, संयुक्त सचिव रणजीत सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष राकेश सिंह महर, संप्रेक्षक बलवीर सिंह चुने गए। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष शूरवीर सिंह नेगी, नरेंद्र सिंह रावत,बलवीर सिंह, प्रमोद चमोली आदि मौजूद रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय में किया प्रदर्शन

चमोली : मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संगठन के बैनर तले आशा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय गोपेश्वर में प्रदर्शन किया। उत्तराखंड अखिल भारतीय स्वास्थ्य संगठन एनएचएम कर्मचारी महासंघ ने भी आशा कार्यकर्ताओं को समर्थन दिया। आशाओं ने ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को भेजा। बुधवार को आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संगठन की जिलाध्यक्ष पवित्रा बिष्ट, जिला मंत्री सनीता राणा ने कहा कि लंबे समय से आशा कार्यकर्ता मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रही हैं, लेकिन उनकी मांगों पर सरकार की ओर से कोई गौर नहीं किया जा रहा है। जबकि कोरोना काल से लेकर अन्य कार्यों में उनकी ओर से सभी दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है। उनके संगठन की कई कार्यकर्ताओं को सरकार और प्रशासन की ओर से सम्मानित भी किया गया है लेकिन सरकार है कि उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि उनका संगठन अपनी 21 सूत्रीय मांग को लेकर लगातार शासन और सरकार से वार्ता करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुख मांगों में आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय 18 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की है। आशा कार्यकत्रियों को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए, आशा कार्यकत्रियों का पांच लाख का बीमा किया जाए और आशा कार्यकर्ताओं के सभी कार्यों का भुगतान प्रतिमाह किया जाए।




## एक नजर

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नई टिहरी : ऋषिकेश चंबा सड़क मार्ग पर धोलापानी के पास खड़ी कार के अंदर एक युवक संदिग्ध हालात में बेहोश मिला। पुलिस और परिजनों ने युवक को नरेन्द्रनगर अस्पताल भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। नरेन्द्रनगर थानाध्यक्ष नदीम अहतर ने बताया कि बीते मंगलवार को यश सिंघल के परिजन नरेन्द्रनगर थाने पहुंचे, उन्होंने यश की मोबाइल लोकेशन नरेन्द्रनगर के आसपास होने के बारे में जानकारी दी। पुलिस और परिजनों ने ऋषिकेश चंबा सड़क मार्ग पर यश की खोजबीन की, तो एक कार नरेन्द्रनगर से चंबा की ओर धोलापानी के पास खड़ी मिली, जिसमें यश सिंघल (27) पुत्र राजीव सिंघल निवासी आदर्श नगर ऋषिकेश बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस और परिजन यश को नरेन्द्रनगर अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यश के परिजनों ने बताया कि वह सोमवार को घर से सहारनपुर के लिये निकाला था, जब उसका मोबाइल फोन बंद मिला तो चिंतित परिजनों ने उसके मोबाइल की लोकेशन चेक करवाई तो वह नरेन्द्रनगर के आसपास मिली।

### कर्मचारी संसद मार्च की तैयारियों में जुटे

नई टिहरी : पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा संगठन से जुड़े कर्मचारियों ने एक मई को संसद मार्च की तैयारियों को लेकर नई टिहरी स्थित विभिन्न दफ्तरों में संपर्क अभियान चलाया। संयुक्त मोर्चा ने कर्मचारियों से बड़ी संख्या में दिल्ली संसद मार्च के लिये आह्वान किया। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के जिला संरक्षक राकेश भट्ट ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आगामी एक मई को कर्मचारी नई दिल्ली संसद मार्च कूच की तैयारियों में जुटे। बुधवार को इस संबंध में नई टिहरी स्थित सीएमओ, कलेक्ट्रेट, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी, डीआरडीए, सीडीओ, वन विभाग, समाज कल्याण,जिला शिक्षा अधिकारी, आईटीआई,राजस्व, लोनिवि सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में संसद मार्च में प्रतिभाग करने का कर्मचारियों से अपील की गई।

### समिति ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय पावकी की देवी का श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि की ओर से गठित समिति ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। समिति ने महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के साथ, पुस्तकालय,प्रयोगशाला, कक्ष कक्षाओं के साथ अन्य संसाधनों का स्थलीय और भौतिक निरीक्षण किया। मौके पर प्रो. विचित्र नारायण शर्मा, राजेश उभान, एपी सिंह, मुक्तिनाथ यादव, डॉ. नूरा हसन,अशोक कुमार, नूपुर गर्ग, सुनीता नौटियाल, टीआर रतूड़ी, प्राचार्य प्रो. छाया चतुर्वेदी, संगीता बहुगुणा, डॉ. ओमवीर, तनुआर बाली, रेखा सिंह, गुंजन जैन आदि मौजूद थे।

# बड़ी सफलता: बरूआर जाति के चोर गिरोह ने उतार दी पूरी क्रिकेट टीम

## 17 मोबाइल और एक लाख से अधिक रुपए भी बरामद.11 चोर गिरफ्तार

ऋषिकेश। यात्रा सीजन में गंगा घाटों के किनारे यात्रियों के सामान, नकदी चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह (बरूआर जाति) का दून पुलिस पर्दाफाश करने का दावा किया है। चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए करते हुए पुलिस ने 17 मोबाइलो व 1,08,700/– रू0 की नगदी के साथ 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पकड़े गए आरोपी गंगा घाटों के किनारे यात्रियों को बातों में उलझा कर अथवा अन्य तरीकों से उनका ध्यान भटकाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

पुलिस के अनुसार 24 अप्रैल को पंकज गुप्ता पुत्र श्रीचंद्र निवासी हीरालाल मार्ग ऋषिकेश देहरादून के द्वारा एक लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 24 अप्रैल को सुबह करीब 8:30 बजे मैं त्रिवेणी घाट पर गंगा में स्नान करने गया था, मैंने अपना लोवर घाट किनारे निकाल कर रखा था जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया, जिसमे मेरा पर्स, जिसके अंदर कुल 50000/–, मेरा आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तथा एक मोबाइल फोन ओप्पो कम्पनी का, जो मेरी दुकान पर काम करने वाले मोहित ने मुझे ठीक कराने के लिए दिया था, रखा था। प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर दी थी।

पुलिस के अनुसार वर्तमान समय में चारधाम यात्रा के प्रारम्भ होने तथा ऋषिकेश क्षेत्र में ही चारधाम यात्रा में जाने वाले यात्रियों के फोटोमैट्रिक एवं बायोमैट्रिक पंजीकरण होने के पश्चात ही उन्हें चार धाम यात्रा में भेजे जाने के दृष्टिगत ऋषिकेश क्षेत्र में काफी संख्या में देश विदेश तथा अन्य प्रदेशों से पर्यटक आकर रूकते हैं, जिसके साथ– साथ बाहरी प्रदेशो से आने वाले आसामाजिक तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं तथा यात्रियों व पर्यटकों के सामान की चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

यात्रा सीजन के दौरान गंगा घाट किनारे हुई चोरी की उक्त घटना तथा यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता पर पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा तत्काल अभियोग के शत–प्रतिशत अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया। जिस पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश के द्वारा वर्दी एवं सादा वस्त्रों में अलग–अलग पुलिस टीम गठित कर घटना स्थल के आसपास आने जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज. वादी तथा घटना स्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ तथा पूर्व में इस प्रकार की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों के विषय में जानकारी हासिल कर उनका भौतिक सत्यापन किया गया।

सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त फोटो वीडियो के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश क्षेत्र अंतर्गत जगह–जगह वाहन चेकिंग के साथ 25 अप्रैल को पुलिस टीम को सूचना मिली की त्रिवेणी घाट पर चोरी की घटना करने वाला गिरोह, जिसमें करीब 10–11 सदस्य हैं, जिनके द्वारा ऋषिकेश एवं हरिद्वार में गंगा किनारे घाटों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, यह गिरोह इस समय ऋषिकेश के गंगा किनारे घाटों पर ही कहीं मौजूद है, जिसके पश्चात गठित टीमों द्वारा आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए गंगा किनारे घाटों पर सघन चैकिंग अभियान चलाकर नाव घाट ऋषिकेश के पास से गंगा घाटों के किनारे यात्रियों के सामान व नगदी की चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा ऋषिकेश एवं हरिद्वार क्षेत्र में गंगा घाटों के किनारे चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाना स्वीकार किया गया, पुलिस ने उनकी निशानदेही पर संबंधित माल बरामद किया ।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान

राजीव कुमार पुत्र स्वर्गीय चंद्रलाल निवासी ग्राम बनकसिया थाना मोतीगंज, जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश. गगन कुमार पुत्र नंदलाल निवासी उपरोक्त . गुरदास पुत्र स्वर्गीय सुराज निवासी उपरोक्त रमेश कुमार पुत्र रघुनंदन निवासी ग्राम पठानपुरा मतवरिया, थाना मोतीगंज, जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश. श्रीराम पुत्र स्वर्गीय सुधराम निवासी ग्राम मधेपुर खरहरी थाना वजीरगंज जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश. बद्री लाल पुत्र स्वर्गीय सूर्य लाल निवासी उपरोक्त.गुड्डू पुत्र स्वर्गीय नवादिन निवासी उपरोक्त

विमल कुमार पुत्र स्वर्गीय जगदंबा प्रसाद निवासी ग्राम दुल्हापुर, थाना धानेपुर, जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश, सुरविंद पुत्र स्वर्गीय माता प्रसाद निवासी उपरोक्त.सूरज कुमार पुत्र धनीराम निवासी ग्राम मोराडिया थाना धानेपुर जिला गोंडा उत्तर प्रदेश . घनश्याम पुत्र स्वर्गीय गोमती प्रसाद निवासी ग्राम बनकसिया, थाना मोतीगंज जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश. के रूप में हुई।पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम सभी लोग गोंडा उत्तर प्रदेश में आसपास के गांवों के रहने वाले हैं और सभी आपस में रिश्तेदार है। हम सभी पर्यटन सीजन में चोरी करने के उद्देश्य से हरिद्वार तथा ऋषिकेश आ जाते हैं व आपस में योजना बनाकर हरिद्वार में हर की पौड़ी एवं ऋषिकेश में गंगा किनारे घाटों में पर्यटकों को देखते रहते हैं,

# युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित की जानी जरूरी: डॉ. धन सिंह

विकासनगर। डॉल्फिन इंस्टीट्यूट ऑफ बायो साइंसेज में दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता की शुरुआत बुधवार से हुई। प्रतियोगिता के तहत प्रदेश भर के 118 प्रतिभागी अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन यूकॉस्ट के पूर्व महानिदेशक डॉ. जीएस रौतेला, एससीईआरटी के अपर निदेशक आरडी शर्मा, सीमेट के दिनेश गौड़ और मुख्य शिक्षाधिकारी प्रदीप कुमार रावत ने दीप जलाकर किया। जबकि शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वर्चुअल तौर पर भाग लिया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित की जानी जरूरी है। वैज्ञानिक सोच से ही युवा स्थानीय संसाधनों का समाज और प्रदेश के विकास में उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है। इन संसाधनों का वैज्ञानिक तौर नियंत्रित विदोहन करके गांव में ही रोजगार के साधन पैदा किए जा सकते हैं। उन्होंने छात्र–छात्राओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की नसीहत दी। यूकॉस्ट के पूर्व महानिदेशक डॉ. शर्मा ने कहा कि पर्वतीय राज्य होने के बावजूद उत्तराखंड में विज्ञान के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, जरूरत सिर्फ युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की है। उन्होंने कहा कि इसके विद्यालयी शिक्षा में स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाना जरूरी है, जिससे छात्रों को अपने आसपास पाए जाने वाले संसाधनों की विस्तृत जानकारी मुहैया हो सके।

उन्होंने कहा कि छात्रों को विज्ञान के सिद्धांतों का गूढ़ रहस्य समझाने के बजाय उन्हें प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान के महत्व की जानकारी दी जानी जरूरी है। प्रतियोगिता के पहले दिन प्रतिभागियों ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया।

## यात्रा के लिए 15 ड्राइवर अनफिट

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए वाहन चालकों के स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। अभी तक 1600 चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है, इनमें से कुल 15 चालक स्वास्थ्य विभाग की टीम को अनफिट मिले हैं। राज्य सरकार तीर्थयात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षित आवागमन को लेकर भी गंभीर दिख रही है, इसके लिए राजकीय चिकित्सालय की एक टीम को एआरटीओ कार्यालय में तैनात किया गया है। यात्री वाहनों के ग्रीन और ट्रिप कार्ड के लिए पहुंचने वाले चालकों की भी स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

# मरम्मत कार्यों के चलते शक्ति नहर बंद, बिजली उत्पादन हुआ ठप

विकासनगर। मरम्मत के चलते बुधवार से शक्ति नहर को एक माह के लिए बंद कर दिया गया है। मरम्मत कार्यों के चलते ढकरानी और ढालीपुर पावर हाउस से बिजली का उत्पादन पूरी तरह से बंद रहेगा।

डाकपत्थर बैराज से लेकर कुल्हाल तक करीब 22 किमी लंबी शक्ति नहर पर तीन बांध परियोजनायें बनी हैं। जिनमें 33 मेगावाट की ढकरानी, 51 मेगावाट ढालीपुर व 30 मेगावाट की कुल्हाल जल विद्युत परियोजनाएं संचालित होती है। पिछले कई वर्षों से शक्ति नहर में मरम्मत कार्य न होने के कारण शक्ति नहर जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो गयी है। नहर के अंदर बडे पैमाने पर सिल्ट जमा हो गया है। इसके अलावा नहर के अंदर लगी टायल्स भी बदली जानी हैं। हाल के दिनों में यमुना नदी का जल स्तर काफी कम हो रखा है। जिससे तीनों परियोजनाओं में बिजली उत्पादन में गिरावट आई है। बरसात के दौरान परियोजनाओं से उत्पादन चरम पर रहता है। जिसके चलते यूजेवीएनएल ने मौके की नजाकत को भांपते हुए हाल के दिनों में शक्ति नहर में क्लोजर लेने का निर्णय लिया है। जिसके लिए बुधवार को शक्ति नहर का पानी पूरी तरह से बंद कर दिया है। जिसके चलते बांध परियोजनाओं से भी बिजली उत्पादन पूरी तरह से ठप कर दिया गया है। ढकरानी पावर हाउस में इन दिनों मात्र ग्यारह मेगावाट बिजली प्रतिदिन पैदा की जाती रही है। लेकिन शक्ति नहर में क्लोजर के बाद यह उत्पादन पूरी तरह से ठप हो गया है। जबकि ढालीपुर परियोजना में एक माह पहले से मरम्मत कार्यों के चलते उत्पादन बंद पड़ा है। कुल्हाल पावर हाउस से आसन नदी के पानी के चलते रहने से उत्पादन जारी रहेगा। लेकिन उत्पादन में पहले से काफी अधिक गिरावट आएगी। नहर में एक माह तक मरम्मत कार्य किए जायेंगे।

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक किशोरी के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर दिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपहरण, छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी और पॉक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्रामीण ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दाउद पुत्र जरीफ निवासी लाइन जीवनगढ़ ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसके बाद से बेटी का पता नहीं चल पाया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। पुलिस में महिला उपनिरीक्षक रश्मि रावत थाना सहसपुर के नेतृत्व में टीम गठित की। पुलिस टीम ने किशोरी के घर व संदिग्ध स्थानों से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने व मुखबिर को सतर्क करने के बाद आरोपी की तलाश में उसके ठिकानों पर छापेमारी की।

## कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन पर जताया शोक

विकासनगर। कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन पर पछुवादून के जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया। विकासनगर के भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान, विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास भाजपा के समर्पित सिपाही होने के साथ ही जनता के सुखदुखों में साथ काम करने वाले जननेता थे, जनता के लिए हमेशा समर्पित रहते थे। कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# भाजपा सरकार ने किसानों को विकास की मुख्यधारा में शामिल किया




विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक बुधवार को बरोटीवाला स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में हुई। बैठक में विधायक मुन्ना सिंह चौहान और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। इसके साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रत्येक किसान तक पहुंचाने की सलाह कार्यकर्ताओं को दी गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी जनता का पेट भरता है। कांग्रेस शासन काल में अन्नदाता की हमेशा उपेक्षा की गई। किसानों के हित के लिए कांग्रेस सरकारों ने कभी कोई कदम नहीं उठाया। कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के गठन के बाद से ही किसानों को विकास की मुख्यधारा में शामिल किया गया। आज देश अन्न उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है, इससे देश की गरीब जनता का सस्ता अनाज मिलने के साथ ही किसान के घर में भी खुशहाली आई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अभी से अपनी हार देख रहे कांग्रेस के नेता भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। जिन्होंने कभी किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याएं नहीं सुनी वो आज किसान हितैषी होने का दावा कर रहे हैं।

# न्यूजीलैंड में नौकरी दिलाने के नाम पर छः लाख ठगे, पुलिस ने हिमाचल से किया गिरफ्तार

## पूर्व में भी अभियुक्त कई राज्यों के लोगों को लगा चुका लाखों का चूना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कोतवाली पुलिस ने न्यूजीलैंड में नौकरी लगाने के नाम झांसा देकर छः लाख की ठगी करने करने वाले व्यक्ति को हिमाचल से गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने बताया कि अभियुक्त पूर्व में भी कई राज्यों के लोगों को नौकरी के नाम पर लाखों का चूना लगा चुका है। बताया कि अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है, साथ ही प्रदेश के अन्य जनपदों व राज्यों से उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी भी ली जा रही है।

बुधवार को कोतवाली में आयोजित प्रेस वार्ता में एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि 22 अप्रैल को दिव्यम अग्रवाल पुत्र सुनील कुमार अग्रवाल निवासी बदरीनाथ मार्ग कोटद्वार ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा था कि पिछले दिसंबर 2022 में उसकी मुलाकात दिल्ली स्थित एक होटल में अंगद सेखोन नाम के व्यक्ति से हुई। बातों ही बातों में अंगद सेखोन ने उसकी और उसके भाई की न्यूजीलैंड में नौकरी लगाने की बात कही। नौकरी का झांसा देकर पिछले दो माह में आरोपी ने करीब 6 लाख रुपये यूपीआई के माध्यम से अपने खाते में जमा करा लिए। अभी तक आरोपी ने न तो दोनों भाइयों की नौकरी लगाई और ना ही पैसे ही वापस किए।



### कैसीनो खेलने कई बार नेपाल भी गया

एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि अभियुक्त बोल-चाल में काफी चतुर है। वह अपनी बातों से नौकरी का झांसा देकर लोगों को फंसा देता है। जीविकोपार्जन का मुख्य कार्य ग्रुप वालों के माध्यम से कैसीनो खेलना है। साथ ही कैसीनो खेलने के लिए कई बार नेपाल भी गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चंद्र सुयाल के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन विभव सैनी और प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम ने अथक प्रयासों के बाद अभियुक्त अंगद सेखोन पुत्र स्व. सरदार दर्शन सिंह निवासी सेक्टर 40 डी, चंडीगढ़ को शोगी शिमला, हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त से दस हजार रुपये नकद, कैनेडा, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, श्रीलंका, अमेरिका व नेपाल आदि देशों की विदेशी मुद्रा, दो एटीएम कार्ड व सात कैसीनो कार्ड बरामद किए। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नवीन पुरोहित, अपर उपनिरीक्षक दीपक अरोड़ा, कांस्टेबल पवनीश कवि, आरक्षी हरीश, विमला, अरविंद राय आदि शामिल थे।

### कैसीनो में काफी पैसा हारा था अभियुक्त

एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह 2019 में गोवा में नौकरी करने के लिए गया था। वह गोवा में डेल्टन कैसीनो में काम रहा था। सितम्बर 2022 को वह कैसीनो में काफी पैंसा हार गया था, उसके ऊपर काफी उधार हो गया था, जिस कारण वह वहां से दिल्ली आ गया तथा 3-4 महीने से दिल्ली में लाजपत नगर में रहने लग गया था।

अभियुक्त अंगद सेखोन ने बताया कि उसकी मुलाकात वादी दिव्यम से दिल्ली में लाजपत नगर में एक होटल में हुई थी। वह 2-3 महीने साथ में रहे, हमारी आपस में बातचीत होती रही। मैंने दिव्यम से न्यूजीलैण्ड में नौकरी के नाम पर यू.पी.आई. के माध्यम से करीब 6 लाख रूपये ठगे थे। अंगद सेखोन ने बताया कि उसे रायबरेली उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक व्यक्ति से न्यूजीलैंड में नौकरी के नाम पर 60 हजार रूपये और मैसूर के एक गांव के रहने वाले एक युवक से भी न्यूजीलैंड में नौकरी के नाम पर 74 हजार रूपये ठगे थे। अभियुक्त इस दौरान शिमला, नेपाल आदि जगहों पर भी गया था।




6 लाख की ठगी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

## सरकार के दावे खोखले, स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल किल्लत

**पौड़ी** : सरकार के सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं देने के वादे खोखले नजर आ रहे है। सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं न होने की वजह से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिर्सू में पेयजल किल्लत से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले करीब 5 महीने से यह समस्या बनी हुई है लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिर्सू में पिछले करीब 5 महीने से पेयजल किल्लत बनी हुई है। जिससे यहां पर आने वाले मरीजो को परेशानियो का सामना करना पड़ता है। पेयजल किल्लत के चलते सबसे ज्यादा दिक्कतें गर्भवती महिलाओं व उनके तीमारदारों को होती है। पेयजल नहीं होने से शौचालय जाने में भी खासी समस्या उठानी पड़ती है। बताते चलें कि करोड़ों की लागत से बनी ढिकालगांव पेयजल योजना से भी इस अस्पताल को लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे यहां पर आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ ही अस्पताल में तैनात स्टाफ को परेशानियों उठानी पड़ती है। इधर, खिर्सू ब्लाक के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. जीशान मलिक ने बताया कि पेयजल किल्ल्त को लेकर विभाग अधिकारियों व पेयजल विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है।

## संस्कृत भाषण और लघु प्रश्नोत्तरी में प्रतिभा ने मारी बाजी

**कोटद्वार** : डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा तत्क्षण भाषण प्रतियोगिता एवं संस्कृत लघु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभा एमए तृतीय सेमेस्टर, सोनाली एमए तृतीय सेमेस्टर, निकिता बीए प्रथम समेस्टर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। मीनाक्षी एमए तृतीय सेमेस्टर ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। संस्कृत लघु प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान पर प्रतिभा, द्वितीय स्थान पर सोनाली, तृतीय स्थान पर मीनाक्षी एमए तृतीय सेमेस्टर रही। जबकि सांत्वना स्थान पर नाजमीन एमए प्रथम सेमेस्टर रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने कहा कि छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रोत्साहित किया। संस्कृत विभाग प्रभारी डॉ. अरुणिमा ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत की नवीन विधाओ के साथ ही संस्कृत के उच्चारण के नियमों के बारे में बताया। डॉ. रोशनी असवाल ने संस्कृत भाषा की प्राचीनता और वैज्ञानिकता पर बल देते हुए छात्रों को संस्कृत अध्ययन हेतु प्रेरित किया। डॉ. प्रियम अग्रवाल ने व्याकरण के नियमों की मूलभूत जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ. रिचा जैन उपस्थित रही।

# बाढ़ सुरक्षा कार्यों की गुणवत्ता में कोताही बर्दाश्त नहीं : आयुक्त

## अधिकारी मंडल मुख्यालय पर बैठने का रोस्टर उपलब्ध करवाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : आयुक्त गढ़वाल ने राजकीय सिंचाई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि बाढ़ सुरक्षा कार्यों के तहत गतिमान 40 कार्यों को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करें। कहा कि बाढ़ आने के दौरान बाढ़ सुरक्षा कार्य की गुणवत्ता से लोगों के जान व माल की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिरिक्त प्रभार वाले अधिकारी मंडल मुख्यालय पर बैठने का रोस्टर प्राथमिकता के अधार पर उपलब्ध करवायें।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला योजना, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित व बाह्य सहायतित योजनाओं की वित्तीय व भौतिक प्रगति को लेकर आयुक्त गढ़वाल सुशील कुमार ने आयुक्त गढ़वाल कार्यालय सभागार में मण्डल स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में बताया गया कि गढ़वाल मंडल में सामान्य चिकित्सकों के 900 सेन्शन पदों के सापेक्ष शतप्रतिशत चिकित्सक उपलब्ध है, जबकि विशेषज्ञ चिकित्सकों के सेन्शन 645 पदों के सापेक्ष केवल 231 चिकित्सक उपलब्ध हैं। रेडियोलॉजिस्ट व कार्डियोलॉजिस्ट की भारी कमी बताई गयी है। आयुक्त गढ़वाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीपीपी मोड़ पर संचालित डीएच पौड़ी, सीएचसी पाबौ व घंडियाल पर निरंतर निगरानी करना सुनिश्चित करें।



गढ़वाल मंडल आयुक्त सुशील कुमार बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा राज्य सैक्टर योजना से स्कूलों में कम्प्यूटर आपूर्ति की धीमी गति पर आयुक्त गढ़वाल ने शिक्षा विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सेक्टर में 20 करोड़ की डिमाण्ड करते हुए विद्यालयों में कम्प्यूटर आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। आयुक्त गढ़वाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत संयोजन स्थापित होने के उपरान्त ऐसे विद्यालयों की सूची उपलब्ध करायें, जिनमें पानी की आपूर्ति नहीं है।

उन्होंने केन्द्र पोषित योजना से संचालित सर्व शिक्षा अभियान के तहत गतिमान भवन व चार दीवारी सम्बन्धी 45 कर्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

आयुक्त गढ़वाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के प्रत्येक प्राईवेट स्कूल की कमेटी में एक सरकारी कर्मचारी के तौर पर एक शिक्षक को शामिल करवाना सुनिश्चित करें। प्रदेश में उद्यानीकरण को लेकर आयुक्त गढ़वाल ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को सेब व कीवी में विशेष जोर दिये जाने के नर्देश दिये। उन्होंने मंडल में सेब की क्लोनल रुट स्टॉक नर्सरी तैयार करने को कहा है, ताकि काश्तकारों को सेब की पौध के लिए हिमाचल की दौड़ न लगानी पड़े।

बैठक में अपर निदेशक पशुपालन डॉ. अशोक कुमार, अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा महावीर बिष्ट, एडी प्राथमिक शिक्षा बीएस रावत, संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ. रतन कुमार, उपनिदेशक रेशम प्रदीप कुमार, एडी सहकारिता केपी अवस्थी, अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि पीएस बृजवाल, अधीक्षण अभियन्ता पेयजल संजय शर्मा, एससी पीजीएसवाई अरुण कुमार, मण्डलीय अर्थ एवं संख्याधिकारी शिल्पा भाटिया आदि उपस्थित थे।

## रिखणीखाल और नैनीडांडा प्रभावित क्षेत्र में नहीं दिख रहा बाघ

**पौड़ी** : रिखणीखाल और नैनीडांडा ब्लॉक के बाघ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को बाघ की दहशत से निजात नहीं मिल पा रही है। वन विभाग की टीमें अभी तक बाघ को नहीं पकड़ पाई है, जिससे ग्रामीण दहशत में है। वन विभाग की टीमों ने प्रभावित गांवों में डेरा डाला हुआ है, लेकिन बीते दो दिनों से बाघ की कोई भी गतिविधि क्षेत्र में देखने को नहीं मिल पाई है। बाघ न तो ट्रैपिंग कैमरों में ही कैद हो पाया और न हीं गश्त कर रही वन विभाग की टीम को दिखाई दिया है। नैनीडांडा के तिलखेरा के ग्राम प्रधान सतेंद्र रावत ने बताया कि घोड़कंद तल्ला में लगातार बाघ देखने को मिल रहा है।

वहीं अभी तक की जांच पड़ताल में यह साफ हो चुका है कि रिखणीखाल में दो और नैनीडांडा में एक बाघ सक्रिय है वन महकमे के कैमरों में ये ट्रैप हुए है। बाघ ने पहले रिखणीखाल के डल्ला में तो उसके चार दिन बाद नैनीडांडा के भैड़गांव में हमला किया था। तभी से यहां बाघ को लेकर लोगों में दहशत बनी हुई है। वन संरक्षक गढ़वाल सर्किल पंकज कुमार ने बताया कि टीम क्षेत्र में बनी हुई है। लेकिन बीते दो दिनों से बाघ की कोई गतिविधि नजर नहीं आई है। बाघ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है और वन विभाग ग्रामीणों को जागरूक भी कर रहा है। वन्य जीव विशेषज्ञों की टीम ने भी यहां आकर जानकारी जुटाई है। क्षेत्र में तीन बाघ कैमरों में ट्रैप हुए है। इन पर नजर रखी जा रही है।

# पेंशन विसंगतियों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री को भेजा ज्ञापन

## पूर्व सैनिकों ने पेंशन विसंगतियों के विरोध में तहसील में दिया धरना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** वन रैंक, वन पेंशन में आई विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने बुधवार को तहसील परिसर में धरना दिया। पूर्व सैनिकों ने पेंशन विसंगतियों को दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री को उपजिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में वन रैंक, वन पेंशन में बहुत अधिक विसंगतियां हैं, इस कारण पूर्व सैनिकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। समान रैंक एवं समान सेवाकाल होने पर पेंशन में भिन्नता होने पर पेंशनर के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कहा कि सरकार को जल्द से जल्द पेंशन विसंगतियों को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन रैंक, वन पेंशन में सभी सैनिकों के लिए फिटमैंट फैक्टर बराबर करने, मिलिट्री सर्विस सबके लिए एक समान करने, सैनिक अधिकारी अपंगता, विकलांगता पेंशन समाप्त करने, सभी वीर नारियों को सर्विस पे के अनुसार विधवा पेंशन देने, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से सैनिकों को ओआरओपी का लाभ दिने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री को उपजिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया है। ज्ञापन देने वालों में प्रमोद रावत, अनुसूया प्रसाद सेमवाल, देवेंद्र, ठाकुर सिंह, देवेंद्र सिंह रावत, कुबेर जलाल, अनुसूया प्रसाद गोस्वामी, गोपाल सिंह, सुभाष कुकरेती, राजेन्द्र सिंह, ताजबर सिंह, मेहरबान सिंह चौहान, सुरेश नेगी, नंदन सिंह, मदन सिंह, भारत सिंह नेगी, राजेश बिष्ट, बीरेंद्र सिंह नेगी, ओम प्रकाश चमोली, विक्रम सिंह, देवेंद्र धस्माना, प्रकाश रावत, रविन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

## संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

**पौड़ी** : खिर्सू ब्लाक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष विनोद नेगी के नेतृत्व में ब्लाक अध्यक्ष चतर सिंह रावत की अध्यक्षता में खिर्सू ब्लाक सभागार मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की मजबूती, न्याय पंचायत व बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में ताजबर सिंह, कांग्रेस नेता भानु बिष्ट, चंद्र सिंह नेगी, कुलदीप बुडोला, सरिता बुडोला, रुकम सिंह, अभिषेक घिंडियाल, सुरेश मुयाल, सुमन नेगी, दीना देवी आदि मौजूद रहे।

## नशा अपराध की पहली सीढ़ी, दूरी बनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय की उन्नत भारत अभियान समिति और एंटी ड्रग्स सेल की ओर से पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्ति को लेकर जनजागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण बचाने व नशामुक्ति पर नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया रैली को रवाना करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि नशा अपराध की पहली सीढ़ी है। इसलिए हमें इससे दूरी बनाए रखनी चाहिए और अन्य लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कहा कि मानवजनित गलतियों के कारण पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ रहा है। हमें इसको बचाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर उन्नत भारत अभियान समिति संयोजक डा. गीता रावत शाह, एंटी ड्रग सेल संयोजक डा. कपिल, प्रो. अशोक कुमार मित्तल सहित महाविद्यालय का समस्त कर्मचारी मौजूद थे।

# नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में एंटी ड्रग्स सेल के तत्वावधान में ड्रग फ्री देवभूमि की श्रृंखला में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताकर इससे दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. दुदुन मेहता प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने ड्रग्स के प्रकार, मानव मस्तिष्क पर उनके दुष्प्रभाव को बतलाते हुए ड्रग्स से दूर रहने की जानकारी दी। कहा कि नशा एक ऐसी आदत है जो इंसान को जड़ से खत्म कर देता है और इसकी लत लगने से इंसान शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से तो परेशान रहता ही है, लेकिन साथ ही अन्य बुरी आदतों का भी शिकार हो जाता है।

उन्होंने कहा कि युवा मन को सही मार्गदर्शन से रचनात्मक कार्यों में लगाकर और भावनात्मक संरक्षण देकर भटकने से बचाया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल ने कहा कि अगर हमारी दृढ़ इच्छा शक्ति मजबूत होगी तो कोई भी नशा हमें अपनी ओर अकृष्ट नहीं कर सकता और हम अपने जीवन में बनाए निश्चित उद्देश्यों की ओर बढ़ते रहे।

इस मौके पर डा. विकास प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी डा. विवेक रावत, डा. छाया सिंह, डा. निर्मला रावत, डा. सुधीर सिंह रावत, डा. अराधना सिंह, डा. नीरज असवाल, डा. गिरीश चंद्र आर्य, डा. मीनू बुटोला, डा. विनोद कुमार, धर्मेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# आशा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

पौड़ी : आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संगठन ने वेतन भोगी बनाने सहित 21 सूत्रीय मांगों के हल की मांग को लेकर बुधवार को रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द ही समस्याओं के निस्तारण की मांग की। इस दौरान आक्रोशित आशा कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बुधवार को आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संगठन के बैनर तले आशा कार्यकर्ताओं व आशा फैस्टिलेटरों ने वेतनभोगी बनाने, ठेका प्रथा बंद करने, आर्थिक विकास के लिए राष्ट्रीय श्रम नीति लागू करते हुए सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने, 5 लाख बीमा करवाने, सभी कार्यों के भुगतान हर महीने करने सहित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। आशा कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान से डीएम कार्यालय तक रैली निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री संगठन की जिलाध्यक्ष सावित्री रावत, जिलामंत्री बबीता नौटियाल, किरन चंदोला, संजू रावत, पिंकी रावत, सुनीता, ऊषा देवी, संगीता, अनीता, दुर्गा आदि शामिल थे।

# 3 लाख की स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। कोतवाली पुलिस ने 31 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार स्मैक की बाजार कीमत करीब 3 लाख रूपये बताई जा रही है।



कोतवाली से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी श्वेता चौबे की ओर से अधिकारियों को नशा तस्करों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक गणेश लाल कोहली व पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन विभव सैनी के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित कोतवाली पुलिस की टीम ने थाना अंतर्गत चैकिंग के दौरान अभियुक्त आशीष जुयाल पुत्र दिवाकर प्रसाद जुयाल, निवासी निकट लक्ष्मी वैडिंग प्वाइंट बालासौड़ को 16.40 व अमन सिंह रावत पुत्र स्व. अनूप सिंह रावत निवासी रतनपुर को 14.60 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। स्मैक की बाजार कीमत 23,07,500 रूपये बताई जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे खुद भी स्मैक के आदी हैं और इस स्मैक को वे बरेली से खरीदकर कोटद्वार में बेचने लाए थे। दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला, उपनिरीक्षक संजय रावत, सीआईयू प्रभारी कमलेश शर्मा, हेड कांस्टेबल शशिकांत त्यागी, हेड कांस्टेबल संतोष, कांस्टेबल राहुल फोर, हरीश आदि

# काशीपुर में ढ़ाई कुंतल सिंगल यूज प्लास्टिक पकड़ा



काशीपुर। केंद्रीय व राज्य प्रदूषण बोर्ड, प्रशासन और नगर निगम की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दो दुकानों समेत चार स्ट्रटी वेंडरों से 2.78 कुंतल सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद किया। टीम ने सभी का चालान कर 2.08 लाख रुपये का जुर्माना वसूला।बुधवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक अधिकारी एके त्रिपाठी के नेतृत्व में मछली बाजार में छापेमारी की। टीम को नीरज कुमार के प्रतिष्ठान से करीब 20 किलो प्लास्टिक की डिस्पोजल थालियां मिलीं। टीम ने उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसके बाद टीम मेन बाजार पहुंची। टीम ने गौरव माहेश्वरी की दुकान से 2.55 कुंतल प्लास्टिक के कैरी बैग बरामद कर एक लाख रुपये का जुर्माना वसूला। जबकि चार स्ट्रीट वेंडरों से 3.9 किलो पॉलीथिन बरामद की। टीम ने चारों वेंडरों पर आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इधर, टीम की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई दुकानदार अपने प्रतिष्ठान बंद कर चले गए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक अधिकारी त्रिपाठी ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के अभियान आगे भी जारी रहेगा। टीम में तहसीलदार युसूफ अली, पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी, सहायक नगर आयुक्त वाईएस राठी आदि रहे।

# शादी बारातों की हुड़दंग ने छीनी आम आदमी की नींद

बागेश्वर। जनपद में शादी बारातों का सीजन प्रारंभ होते ही देर रात तक शादियों की हुड़दंग ने आम आदमी का चैन छीन लिया है। हालत यह है कि देर रात तक डीजे की हुडदंग व बैंड की धुन बज रही है। अदालत के आदेश का कहीं पालन नहीं हो पा रहा है। प्रशासन भी ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

जनपद में इन दिनों शादी बारातों के सीजन के चलते बारात आयोजन हो रहे हैं। हालांकि उच्च न्यायालय के आदेश हैं कि रात्रि दस बजे बाद तेज ध्वनि पर प्रतिबंध रहेगा, परंतु आलम यह है कि बारात ही दस बजे बाद वैंक्ट हॉल या आयोजन के घर पर पहुंच रही है। इस दौरान बारातियों द्वारा तेज धुन के बैंड बाजे का प्रयोग किया जा रहा है वहीं आयोजन वाले घरों में देर रात तक तेज आवाज में डीजे चलाया जा रहा है। हाल यह है कि जिला अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों के समीप भी इस तरह के तेज ध्वनि का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे बीमार लोगों के साथ ही छात्र–छात्राओं समेत आम आदमी को परेशानी हो रही है परंतु प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई तक नहीं कर पा रहा है। इधर एसपी हिमांशु वर्मा ने बताया कि जहां से देर रात तक डीजे बजने की शिकायत मिल रही है वहां पुलिस चालान कर रही है। उन्होंने लोगों से ऐसे लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने को कहा है।

# गैरहाजिर 14 पर्यावरण मित्रों का एक दिन का वेतन रोका



काशीपुर। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने नगर दो वार्डों में गैरहाजिर 14 पर्यावरण मित्रों का एक दिन का वेतन रोककर स्पष्टीकरण मांगा है।

जबकि एक स्थायी कर्मचारी के स्थान पर उसका भाई काम करता मिला। जिसे तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। बीते सोमवार को मुख्य नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी ने वार्ड नंबर 32 और 36 में द्वितीय पाली की ड्यूटी का जायजा लिया था। इस दौरान पर्यावरण पर्यवेक्षण रामकुमार ने उन्हें जानकारी दी थी कि वार्डों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थायी, मोहल्ला स्वच्छता समिति, आउटसोर्स से करीब 20 कर्मचारी ड्यूटी पर लगे हैं। जबकि चार कर्मचारी ही कार्यरत मिले। वहीं, स्वच्छता समिति के दो, आउट सोर्स के एक, स्थायी 12 कर्मचारी अनुपस्थित थे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने इसकी रिपोर्ट तैयार कर मुख्य नगर आयुक्त कार्यालय में सौंप दी। इधर, सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी ने बताया कि 24 अप्रैल को 14 पर्यावरण मित्रों का वेतन रोककर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने बताया कि एक स्थायी कर्मचारी के स्थान पर उनके भाई से कार्य लिया जा रहा है।

जिसे हटा दिया गया। जबकि एक सुपरवाइजर मौके पर पहुंच गये थे।

# बिजली की लाइन में काम कर रहा श्रमिक झुलसा

हल्द्वानी। बिजली लाइन की मरम्मत कर रहा श्रमिक लाइन में करंट आने से बुरी तरह झुलस गया। लोगों की मदद से उसे सुशीला तिवारी पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार करंट से बीस प्रतिशत तक जल गया। विभागीय अधिकारी इसके लिए लाइनों में करंट के वापस लौटने का प्राथमिक तौर पर जिम्मेदार बता रहे हैं।

बुधवार को बरेली रोड पुरानी आईटीआई के पास ठेकेदार के मजदूरों ने लाइनों में गार्डनिंग और तार बदलने का काम शुरू किया। इसके लिए बिजली घर से शटडाउन भी लिया गया। कुछ देर काम करने के बाद एकाएक लाइन में करंट दौड़ने लगा। जिससे काम कर रहा राजपुरा निवासी राकेश (39) करंट से झुलस गया। गनीमत रही की कुछ ही समय के बाद वह छिटक गया। लाइन से गिरने के बाद श्रमिक पोल से लिपटे केबल तारों में अटक गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बढ़ी मशक्कत के बाद मजदूर को नीचे उतारा। वहां से गुजर रहे मेडिकल कॉलेज में एमएसडब्ल्यू के पद पर कार्य कर रहे विजय हेडिया ने लोगों की मदद से घायल राकेश को एसटीएच पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बताया जरूरी इलाज शुरू कर दिया गया है। उर्जा निगम के अधिकारियों ने बताया कि घरों में मौजूद इंवर्टर का करंट लाइन में बैक होने से हादसा हुआ है। पूरी जांच के लिए विभागीय अधिकारी को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

बिना सुरक्षा उपकरणों के कर रहे काम

हाईटेंशन तारों में काम कर रहे मजदूर बिना सुरक्षा उपकरणों के हर दिन काम करते हैं। उर्जा निगम ठेकेदार के भरोसे बिजली लाइनों को बदलने और मेंटिनेंस का काम करता है। लाइनों में काम कर रहे मजदूर बिना कोई सुरक्षा उपकरणों के काम करते हैं। बुधवार को हुए हादसे में अगर मजदूर के पास सुरक्षा उपकरण होते तो बचाव हो सकता था।

घायल मजदूर को नीचे उतारने के लिए जरूरी सीढ़ी का इंतजाम करने में भी समय लग गया। ऐसे में बाकी हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है।

पहली जांच में करंट बैक होने की बात सामने आई है। जांच के लिए एसडीओ कमलुवागांजा को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उसके अनुसार ही जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

**–डीडी पांगती, अधिशासी अभियंता उर्जा निगम ग्रामीण**

## नानकमत्ता साहिब के पूर्व अध्यक्ष को धमकी मामले में केस दर्ज

काशीपुर। एक धार्मिक संस्था के पूर्व अध्यक्ष को विदेशी नंबर से व्हाटसअप कॉल के जरिये धमकी देने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम टांडा अमीचंद निवासी जसविंदर सिंह पहले नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने बीते मंगलवार को एसएसपी को तहरीर दी थी। कहा था 19 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे एक अंजान नंबर से उनके नंबर पर व्हाटसअप कॉल आई। कॉलर ने उन्हें धमकी दी। उन्होंने अपनी जान–माल का खतरा बताते हुए एसएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई थी।

# पानी के लिए खाली बाल्टियों के साथ सड़क पर लगाया जाम



हल्द्वानी। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या हर दिन विकराल होती जा रही है। एक ही दिन में कई जगह लोग घरों से बाहर निकल कर जिम्मेदार विभागों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को तल्ली बमौरी के लोगों के सब्र का बांध टूट गया।

स्थानीय पार्षद राजेंद्र जीना के नेतृत्व में लोगों ने मुखानी चौराहे पर जाम लगा दिया। खाली बर्तनों के साथ पहुंचीं महिलाओं ने पानी देने की मांग उठाई। हर दिन पानी की कमी से जूझ रहे हल्द्वानी के लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ रहीं हैं। जल संस्थान के कार्यालय के साथ ही स्थानीय स्तर पर भी प्रर्दशन कर रहे हैं।

बुधवार को तल्ली बमौरी के लोगों ने सड़क पर खाली बाल्टियों के साथ प्रर्दशन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा करोड़ों की लागत से बिछाई गई पेयजल लाइनें भी पानी देने में फेल हो गई हैं। हर बार अधिकारियों को सूचना देने पर केवल आश्वासन ही दिया जाता है। विभाग ने इन्हें ठीक करने के नाम पर गड्ढे खोद कर छोड़ दिए हैं। कई दिनों के बाद भी लीकेज को बंद नहीं किया जा रहा है। पार्षद से सूचना मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने जल संस्थान के अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर लीकेज बंद करने के निर्देश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट के आश्वासन पर लोगों ने सडक से जाम हटाया। देर शाम को विभाग के कर्मचारियों ने लीकेज को ठीक करने की कार्रवाई शुरू की। प्रदर्शन में हरीश बिष्ट, राकेश, विनोद पांडे, गिरीश नैनवाल, मनीष कपिल, दिशा नवानी, मुस्कान, दीप्ति जोशी, सुमन जोशी, भारती, सुनीता पाठक, शबनम पांडे, मीरा फर्त्याल मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं के समाधान को प्रयासरत रहें भाजपा नेताः राजेन्द्र बिष्ट

हल्द्वानी। भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति में प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने पार्टी नेताओं से किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रहने का आह्वान किया। कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य की सरकारें किसानों की आय दोगनी करने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। पार्टी नेताओं को इन योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करना होगा। रामपुर रोड स्थित बैंक्वेट हाल में आयोजित किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति के पहले सत्र प्रदेश महामंत्री बिष्ट ने कार्यकर्ताओं से 'मन की बात' के 100 वें एपिसोड को भव्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मन के बात कार्यक्रम से जनता सीधे जुड़ रही है। इसीलए इस कार्यक्रम को ओर अधिक ताकत के साथ सफल बनाया जाए। इससे पहले कार्यसमिति का उदघाटन मुख्य अथिति भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, किसान मार्च के जिलाध्यक्ष संदीप कुकसाल, किसान मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुरिया, भाजपा जिला महामंत्री नवीन भट्ट व रंजन बर्गली ने संयुक्त रूप से किया। दूसरे सत्र के मुख्य अथिति प्रदेश महामंत्री और किसान मोर्चे के प्रदेश प्रभारी खिलेन्द्र चौधरी ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रदेश संयोजक जेएस बेदी ने प्राकृतिक संसाधनों से खेती करने से होने वाले लाभ की जानकारी किसानों तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री कमल मुनि ने किसानों के लिए जारी हुए केंद्रीय बजट पर प्रकाश डाला। कार्यसमिति की अध्यक्षता किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष संदीप कुकसाल ने की। संचालन इंजीनियर दिनेश सिंह और गोविन्द मनराल ने किया। जिला उपाध्यक्ष अरुण नेगी ने राजनीतिक प्रस्ताव पढ़ा। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र खड़ायत ने जिसका अनुमोदन किया। महिला मोर्चे की नगर अध्यश राशि जैन और डॉ. भावना गुप्ता ने अतिथियों का तिलक लगाकर स्वगत किया।कार्यसमिति में रमेश सुयाल, विजय लोहनी, सोबन सिंह, कुमाऊं संयोजक राजेंद्र तिवाड़ी, जिलामंत्री मदन सिंह रावत, गोविंद मेहता, सचिन गुप्ता, नीरज बिष्ट, जीवन मेहरा, रमेश पलड़िया, भैरव दत्त खोलिया, दीवान सिंह भाकुनी, गुंजन सडाना, बीनू जायसवाल, दीप्ति गुरुानी, कमलेश साह, कमला आर्या, सुमन रावत मौजूद रहे।

## एसपी ने केदारनाथ में डाला डेरा

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा एवं उन्हें हर संभव मदद देने के लिए पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया है। एसपी ने पुलिस द्वारा यात्रियों को दी जा रही सुविधाएं एवं दी जाने वाली मदद को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। एसपी लगातार व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए केदारनाथ धाम में मौजूद हैं।

## एमआरआई के लिए नाइट्रोजन पहुंची, हीलियम का इंतजार

हल्द्वानी। सुशीला तिवारी अस्पताल में नई एमआरआई मशीन की सफाई के लिए बुधवार को नाइट्रोजन गैस पहुंच गई। हालांकि हीलियम गैस अभी तक नहीं पहुंची है। जिससे मशीन को शुरू करने में देरी हो रही है। एसटीएच में 6 जनवरी 2023 से एमआरआई सेवा ठप हो गई थी। जिसके बाद से नई एमआरआई मशीन लगाने का काम शुरू हो गया था। कंपनी का दावा था कि मार्च माह में काम पूरा कर मशीन को चालू कर देगी, लेकिन वर्तमान में हीलियम गैस उपलब्धता नहीं होने के कारण काम अधर में लटका पड़ा है। बुधवार को कंपनी की ओर से नाइट्रोजन गैस कैप्सूल यहां भेजा गया है। जिससे मशीन को ठंडा करने वाले उपकरणों की सफाई हो सके।



# संजीव ई–रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष बने

रुद्रपुर। संजीव गुप्ता को सर्वसम्मति से ई–रिक्शा एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि मिथुन कविराज को उपाध्यक्ष और नंदन सिंह नेगी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बुधवार को एसोसिएशन के जुड़े लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। यहां जयशंकर, विश्वजीत, राजेश, बबलू, विजय, पवन, सोमपाल, बाबूलाल, गोविंद, बनवारी, केशव, तेज सिंह,भूपेंद्र कोश्यारी, सीताराम, दिलशाद रहे।

# बाइक की टक्कर से घायल मासूम की मौत

रुद्रपुर। बाजार से दादी के साथ घर लौट रहे चार वर्षीय मासूम को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल मासूम ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, पीड़ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार महतोष के ग्राम पिपलिया नंबर दो निवासी हर्षित ढाली का चार वर्षीय पुत्र मोक्ष ढाली बीती शाम अपनी दादी के साथ बाजार से घर लौट रहा था। महतोष मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने मोक्ष को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोक्ष कई फिट हवा में उछलकर दूर सड़क पर जा गिरा और घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान भीड़ ने बाइक सवार मृत्युंजय बढ़ई को पकड़ लिया और घायल बच्चे को रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मासूम को हल्द्वानी ले जाने का सुझाव दिया। डॉक्टर की सलाह पर परिजन मोक्ष को लेकर हल्द्वानी के लिए रवाना हुए। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## गूलरभोज गेहूं क्रय केंद्र से मोटर चोरी के दो आरोपी दबोचे

रुद्रपुर। पुलिस ने गेहूं क्रय केंद्र से मोटर चोरी का 48 घंटे में खुलासा कर दिया। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। क्रय केंद्र प्रभारी मनीष भारद्वाज ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले के खुलासे को लेकर प्रभारी एसओ गदरपुर ओम प्रकाश और गूलरभोज चौकी प्रभारी राकेश कठायत की अगुवाई में टीम गठित की गई। पुलिस ने गूलरभोज वार्ड सात निवासी विनोद कुमार राणा और नई बस्ती वार्ड एक निवासी महादेव सरकार को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में लक्ष्मण कुमार, कुंदन सिंह आदि थे।

# कारखाना प्रबंधन ने 200 कर्मचारी निकालने से किया इन्कार

रुद्रपुर। लोहियाहेड रोड स्थित कारखाने से निकाले गए श्रमिकों का मामला तूल पकड़ने लगा है। वहीं, अब कारखाने के सीएमडी ने प्रबंधन का पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि कारखाने से किसी भी कर्मचारी को निकाला नहीं गया है। कहा 200 कर्मचारियों को निकाले जाने की बात हवाई है। बताया कि कारखाने के 98 श्रमिकों को 45 दिन के ले ऑफ पर रखा गया है। इस दौरान उन्होंने कहा श्रमिकों को 45 दिन तक आधा वेतन देने निर्णय लिया है। लेकिन वह भी तब जब कर्मचारी निर्धारित ड्यूटी टाइम पर अपनी उपस्थिति लगाएगा। बुधवार को खटीमा फाइबर्स के सीएमडी आरसी रस्तोगी ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि उनके कारखाने की माली हालत 2007 में हुए अग्निकांड के बाद इंस्योरेंस कंपनी द्वारा सही कंपनसेशन नहीं मिलने के कारण बिगड़ गई। कहा कि वर्किंग कैपिटल नहीं होने, दो बैंक खातों के एनपीए होने, सरफेसी एक्ट में एक सप्ताह तक कारखाना सील होने के बाद विदेशी निवेशकों से 22 प्रतिशत ब्याज में धन लेकर कारखाने को किसी तरह वह चला रहे हैं।

ताकि लोगों का रोजगार कायम रहे। उनकी मंशा कर्मचारियों को निकालने की नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने श्रमिकों को भड़काकर प्रर्दशन कराया है। कहा कि छह अप्रैल को नोटिस बोर्ड पर कारखाना बंद करने और ले ऑफ पर कर्मचारियों को अगले आदेश तक रखने, ऑर्डर आने पर दोबारा प्लांट शुरू होने के बाद कर्मचारियों को वापस बुलाने, दो प्लांट शुरू होने पर 295 कर्मचारियों को वापस बुलाने, 107 कर्मचारियों को ले ऑफ पर रखने, इसके बाद 9 कर्मचारियों को और बुलाने का निर्णय लिया गया। बताया कि इस समय 98 कर्मचारी ले ऑफ पर हैं। कर्मचारियों को अपना कार्ड पंच करने से नहीं रोका गया है। कार्ड पंच नहीं करने पर कर्मचारी को अनुपस्थित माना जाएगा।

# शिक्षकों की मांग को लेकर छात्रों ने महाविद्यालय में की तालाबंदी

रुद्रपुर। बीएससी की कक्षाओं में शिक्षकों की आपूर्ति को लेकर छात्र–छात्राओं ने महाविद्यालय के गेट पर तालाबंदी की। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की।

साथ ही छात्र–छात्राओं ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को तालाबंदी के दौरान प्रभारी प्राचार्य सरबजीत सिंह को सौंपे ज्ञापन में छात्र–छात्राओं ने कहा कि महाविद्यालय में लंबे समय से विज्ञान संकाय में शिक्षकों को कमी है। एक ही शिक्षकों को कई कक्षाओं का भार दिया है। ऐसे में छात्र–छात्राओं को नियमित रूप से कक्षाएं नहीं लग रही है। इसके चलते परीक्षा में छात्र–छात्राओं बैक आ रही है। उन्होंने महाविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति, नियमित कक्षाएं संचालित करने और विज्ञान की लैब के खराब उपकरणों को ठीक कराने की मांग की है। मांगे पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान महा संघ सचिव हिमांशु सिंह, धीरज गंगवार, रजत बिष्ट, रिया दत्ता, जया, शोभा, प्रशांत, दीपांशी, खुशी, अविनाश समेत कई लोग मौजूद रहे।

# छात्रा ने गटका विषाक्त, मौत

काशीपुर। इंटरमीडिएट की परीक्षा में फेल होने से आहत एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम जटपुरा महावतपुर थाना रेहड़ जिला बिजनौर (यूपी) निवासी काजल (17) पुत्री ओम कुमार ने इस बार यूपी बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। बीते मंगलवार को परीक्षा का परिणाम आया था। जिसमें वह पास नहीं हो सकी। इससे दुखी होकर उसने देर रात घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुर लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। छात्रा के पिता ने बताया कि रिजल्ट देखने के बाद उसकी पुत्री आहत थी।

इधर, फार्मासिस्ट एनबी तिवारी ने बताया कि छात्रा की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है।

## पर्यावरण मित्रों के कार्य में उपनल कर्मचारी का हस्तक्षेप न हो

चम्पावत। बनबसा –देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने बनबसा शाखा अध्यक्ष प्रमोद रत्नाकर के नेतृत्व में पर्यावरण मित्रों ने मुख्यमंत्री केम्प कार्यालय में अधिशासी अधिकारी के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने नंबर 2018 में मौहल्ला स्वच्छता समिति के गठन के बाद से पर्यावरण मित्रों की समस्या कोई भी समाधान नहीं हुआ है, ज्ञापन में उन्होंने पीएफ, पर्यावरण मित्रों की संख्या को बढ़ना, सरकारी छुट्टी व पर्व को आधा दिन का अवकाश,मोसम के अनुसार वर्दी, मानदेय पर्यावरण मित्रों के खाते में डाला जाये,

# मोटे अनाज के उत्पादन से होगी किसानों की आय

चम्पावत। सिमल्टा न्याय पंचायत के कांडा गांव में कृषक गोष्ठी हुई। रेखीय विभाग के अधिकारियों ने किसानों को उन्नत खेती के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज के उत्पादन से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। बुधवार को कृषक महोत्सव क तहत कांडा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषको को मंडुवा समेत तमाम मोटे अनाजों के उत्पादन, मूल्य संवर्धन कर उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। केविके के डॉ. भूपेंद्र सिंह खड़ायत ने जंगली जानवरों से फसलों को बचाने की जानकारी दी। कृषि विभाग ने किसान पेंशन की जानकारी देने के साथ बीज, रसायन व पशु से संबंधित दवा बांटी। क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश पांडेय की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में प्रधान भैरव सिंह गिरीश पालीवाल, सहायक कृषि अधिकारी राना सिंह व साक्षी पांडेय, ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक अजय चौकरायत, हरीश जोशी, पूरन सिंह, खीम सिंह समेत तमाम काश्तकार मौजूद रहे।

# देहरादून ए ने नैनीताल बी को 107 रनों से हराया



काशीपुर। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वधान में जिला इकाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर की ओर से अंतर जोनल क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है। प्रतियोगिता के दूसरे दिना देहरादून ए ने नैनीताल बी को 107 रनों से हराकर दो अंक प्राप्त किए। बुधवार को रामनगर रोड स्थित हाईलैंडर एकेडमी के मैदान में मुकाबला खेला गया। देहरादून ए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर 307 रन बनाए। आयुष नेगी ने सर्वाधिक 100 रन बनाए। जबकि वंशज चौहान ने 64 और विशाल कश्यप ने 62 रनों का योगदान दिया। नैनीताल बी की ओर से आयुष लोनी ने पांच, सूरज ने तीन और रवि सिंह ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नैनीताल बी की पूरी टीम 200 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नैनीताल बी के विशाल कोहली ने 40, दिव्यम रावत ने 38 और प्रभाकर ने 35 रन बनाए। देहरादून ए के भानु प्रताप, मनीष कुमार, वंशज चौहान और हरजीत सिंह ने दो–दो विकेट लिए। अंपायर की भूमिका नमन ग्रेवाल और मोहम्मद दानिश ने निभाई। ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद शाहनवाज ने की। यहां इंद्रनील कर, दीपक चौहान, दान सिंह कन्याल, नवीन टम्टा, भारत पंत रहे।

# विपक्ष कर रहा नकारात्मक राजनीति : भाजपा




नई टिहरी : भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि देशभर में विपक्ष नकारात्मक राजनीति कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2024 में तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा पार्टी दफ्तर में आयोजित महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक में मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के साथ भाजपा की रीति–नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने के साथ आगामी निकाय, लोकसभा और पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया है। मोर्चा की प्रदेश महामंत्री गीता रावत ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी मंडलों में जल्द कार्य समिति की बैठक की बात कही। घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह, टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि विपक्ष देश में नकारात्मक राजनीति से जनता को गुमराह करने में लगा है। बैठक में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष इंदरा आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, प्रिंसी रावत, सुनीता देवी, बसुमति घणाता, सुषमा उनियाल, उर्मिला राणा, मनीषा पंवार, कंचन गुनसोला, शिवानी बिष्ट, लीला मखलोगा, विमला खणका, शकुंतला भट्ट, मंजू चंद, मीना सेमवाल, अनीता सेमल्टी, अनीता कोठारी, कुसुम नेगी, बबीता गुसाईं सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। (एजेंसी)

## घोड़े से गिरकर महिला घायल, पुलिस ने की मदद

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा पर आई एक महिला तीर्थयात्री भीमबली के पास गिरकर चोटिल हो गई। जिसे पुलिस टीम ने मदद कर भीमबली स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया। जानकारी के अनुसार केदारनाथ धाम से दर्शन करके लौट रही सुदेशना पत्नी चन्द्रभान निवासी 1334 ए आदर्श कॉलोनी मुजफ्फरनगर यूपी रामबाड़ा के पास घोड़े से गिरकर चोटिल हो गई। इस संबंध में भीमबली पुलिस चौकी ने सूचना मिलते ही स्वयं और डीडीआरएफ टीम द्वारा महिला का रेस्क्यू किया गया। महिला के पैर पर चोट देखते हुए शीघ्र उसे भीमबली स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया।

# व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखें श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आए श्रद्धालु राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आये। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्था को बेहतर बताते हुए कहा कि यात्रा मार्ग पर सरकार एवं प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं दुरस्त की गई है। श्रद्धालुओं ने यात्रा मार्ग पर बेहतर व्यवस्था देने के लिए सरकार का आभार जताया।



जालंधर (पंजाब) के प्रिंस खत्री एवं जुबिन ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि श्री केदारनाथ धाम में बाबा के दर्शन सुगमता के साथ हुए हैं। जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा सभी व्यवस्थाएं दुरस्त की गई हैं। उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। बनारस से आए तीर्थ यात्रियों ने भी केदारनाथ धाम में की गई सभी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि धाम में बिजली, पानी आदि सभी व्यवस्थाएं ठीक हैं। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने के बावजूद भी राज्य सरकार द्वारा सभी व्यवस्थाएं बेहतर की गई हैं। गाजियाबाद दिल्ली से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि उन्हें बाबा केदारनाथ के दर्शन बहुत बढ़िया ढंग से हुए हैं तथा सभी व्यवस्थाएं ठीक ढंग से की गई हैं। इसके साथ ही भोपाल से आए अमित कुमार जोशी ने भी केदारनाथ यात्रा मार्ग में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें बाबा के दर्शन बहुत सुगमता से हुए हैं। उन्होंने कहा कि अधिक बर्फवारी होने के बाद भी सभी व्यवस्थाएं दुरस्त की गई हैं।

# पूर्ति विभाग द्वारा केदारनाथ यात्रा मार्ग का संयुक्त निरीक्षण किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में पूर्ति विभाग द्वारा केदारनाथ यात्रा मार्ग में संयुक्त निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही यात्रा के दौरान कोई ओवर रेटिंग का शिकार न हो इसके लिए सभी संचालित दुकानों/प्रतिष्ठानों के व्यवसायियों को अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट चस्पा करने के भी निर्देश दिए गए हैं।



केदारनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों से किसी प्रकार से कोई ओवर रेटिंग न हो एवं खाद्य सामग्री में किसी प्रकार की कोई मिलावट न हो इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने खाद्य सुरक्षा एवं पूर्ति विभाग को निरंतर केदारनाथ यात्रा मार्ग में चैकिंग करते हुए रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए हैं ताकि आने वाले श्रद्धालुओं से ओवर रेटिंग न हो एवं खाद्य पदार्थ में किसी प्रकार की मिलावट न हो।

यह जानकारी देते हुए अभिहीत अधिकारी मनोज कुमार सेमवाल ने बताया कि उनके द्वारा श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में संचालित हो रही दुकानों शेरसी, बड़ासू, न्यालसू, रामपुर, गौरीकुंड तथा केदारनाथ पैदल मार्ग के 22 प्रतिष्ठानों में रेट लिस्ट चस्पा कराई गई तथा खाद्य वस्तुओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सभी दुकानदारों को निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आने वाले श्रद्धालुओं को एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री किसी भी दशा में न बिक्री की जाए। ऐसा करने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# वाहन चालक को 6 माह का कारावास की सजा

नई टिहरी : न्यायिक मजिस्ट्रेट निशा देवी की अदालत में लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में उत्तरकाशी के ज्ञानसू निवासी वाहन चालक अजय को 6 माह के कारावास और 9 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक अभियोजन अधिकारी अजय रावत ने बताया कि उत्तरकाशी के ग्राम रमोली दशगी निवासी सुबर्धन नाथ ने थाना–थत्यूड़ टिहरी गढ़वाल को तहरीर दी कि 14 सितंबर, 2016 को टैक्सी चालक अजय पुत्र चतर सिंह वाहन से देहरादून से उत्तरकाशी ला रहा था। चालक की लापरवाही से वाहन चलाने से वाहन नगुण–भवान रोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें दो लोगों के साथ 9 लोग घायल हो गये। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

आरोप पत्र 4 जनवरी, 2017 को न्यायलय में प्रस्तुत किया गया। मामले में अभियोजन की ओर से कुल 24 गवाह पेश किये गये। न्यायिक मजिस्ट्रेट निशा देवी की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी वाहन चालक अजय को दोष सिद्ध पाते हुए धारा–279 आईपीसी के अपराध में 2 माह का कारावास व 1000 अर्थदंड, धारा 304 ए आईपीसी अपराध में 6 माह का कारावास एवं 2000 अर्थदंड, धारा 337,338 आईपीसी के अपराध में 6 माह का कारावास व 1000 का अर्थदंड व धारा 427 आईपीसी के अपराध में दोष सिद्ध करते हुए 5000 के अर्थदंड से दंडित किया। (एजेंसी)

## लापता महिला का शव जीवीके परियोजना की झील से मिला

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने जीवीके परियोजना की झील से महिला का शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त स्वाति (26) पत्नी कमलेश पंत निवासी बमोथ थाना कर्णप्रयाग के रूप में हुई है। पुलिस ने पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

कोतवाली निरीक्षक कीर्तिनगर कमल मोहन भंडारी ने बताया कि परियोजना की झील में बुधवार को एक महिला के शव दिखाई देने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने श्रीनगर, रूद्रप्रयाग, चमोली के थानों को अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना से अवगत कराया।

# क्षय रोगियों की मदद को आगे बढ़ाए हाथ, पोषाहार किट वितरित की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नि–क्षय मित्र योजना के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि ने क्षय रोगियों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। बुधवार को महाविद्यालय के नि-क्षय मित्रों ने गोद लिए 10 क्षय रोगियों को पोषाहार किट वितरित किए।पीजी कॉलेज अगस्त्यमुनि में प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में क्षय रोगियों को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, मिनरल्स एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले गुणों से युक्त पोषण सामग्री की किट वितरित की गई। इस अवसर पर नि-क्षय मित्रों ने कहा कि महाविद्यालय की प्राचार्य पुष्पा नेगी द्वारा नि-क्षय मित्र योजना के तहत सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत महाविद्यालय स्टाफ से नि-क्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद की अपील की थी। उन्होंने कहा कि वे इन सभी 10 टीबी रोगियों के पोषण व उनका इलाज पूरा होने तक उनकी देखरेख का जिम्मा लेते हुए मदद का भरसक प्रसार करेंगे। अपर वरिष्ठ जिला क्षय अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने नि-क्षय मित्र बनने पर महाविद्यालय का आभार व्यक्त किया। कहा कि टीबी उन्मूलन के संकल्प को साकार करने के लिए सामुदायिक सहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने दो सप्ताह से अधिक खांसी होना, बलगम, बुखार, वजन का लगातार कम होना, भूख न लगना आदि लक्षण हो तो संबंधित व्यक्ति नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निःशुल्क बलगम जांच, परामर्श व उपचार प्राप्त कर सकता है। डीपीसी एनटीईपी मुकेश बगवाड़ी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नि-क्षय पोषण योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसमें पंजीकृत टीबी रोगी को नियमिति रूप से दवाई खाने पर प्रत्येक माह पोषाहार भत्ता के रूप में उपचार अवधि तक पांच सौ रूपए दिया जाता है। साथ ही क्षय रोगी को दवा खिलाने वाले ट्रीटमेंट सपोर्टर को भी एक हजार एवं पांच हजार रुपए दिया जाता है। इस मौके पर डा. वीके शर्मा, डा. जितेंद्र सिंह, डा. एसआर नैथानी, डा. निधि आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने शिक्षक को हटाने के लिए 15 दिन का अल्टीमेट दिया

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल अंतर्गत एक सरकारी स्कूल में तैनात व्यायाम शिक्षक को हटाने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग को 15 दिनों का अल्टीमेटम दे दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक कथित तौर पर नशे में विद्यालय पंहुच कर छात्रों और शिक्षकों के साथ अभ्रद व्यवहार करता है, जिससे कभी भी कोई घटना घट सकती हैं।बुधवार को घोड़पाला मल्ल में अभिभावक शिक्षक संघ और ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि उक्त शिक्षक का स्थानांतरण 15 दिनों में नहीं किया गया तो मजबूर अभिभावकों को अपने बच्चों की टीसी काट कर खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बीरोंखाल में तालाबंदी कर आंदोलन करना पड़ेगा। प्रधान घोड़पाला मल्ला नरेन्द्र सिंह रावत, कल्याण सिंह, धर्मपाल सिंह, संदीप सिंह आदि का कहना है अब बच्चे स्कूल जाने में डर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा विभाग इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है। ग्रामीणों को बीईओ कार्यालय में धरना–प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ेगा। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी बीरोंखाल वर्षा भारद्वाज ने बताया कि घोड़पाला मल्ला के ग्रामीणों द्वारा शिक्षक को हटाने का ज्ञापन मिला है। कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। उधर, अपर निदेशक गढ़वाल मंडल महाबीर सिंह बिष्ट ने बताया कि घोड़पाला मल्ला में तैनात व्यायाम शिक्षक पर कार्रवाई होने तक कहीं उनका अटैचमेंट कहीं किया जाएगा।

## आशाओं ने निकाली रैली

रुद्रप्रयाग : जनपद में बुधवार को भारतीय मजदूर संघ के सहयोग से केन्द्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देशों पर आशा कार्यकर्ता संगठन एवं आशा फैसिटिलेट्टर संगठन द्वारा श्रमिक हितों की सामाजिक सुरक्षा के लिए बाबा काली कमली धर्मशाला संगम बाजार से रुद्रप्रयाग पेट्रोल पंप और मुख्य बाजार तक रैली निकाली गई। साथ ही विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया।

भारतीय मजदूर संघ रुद्रप्रयाग के जिला मंत्री बीबी थपलियाल व संरक्षक डा अनिल नौटियाल के नेतृत्व में जनपद की आशा कार्यकत्री संगठन व आशा फैसिटिलेट्टर संगठन द्वारा अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया गया। (एजेंसी)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**ई–निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा से आमन्त्रित ई–निविदा सं0 06/EDDN/22–23 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 03.05.2023 को 16.00 बजे तक बढ़ायी जाती है तथा ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 04.05.2023 को 12.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई–निविदा प्रपत्र आनलाइन और ऑफलाइन निविदा भाग एक खुलने की तिथि 04.05.2023 को समय 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

अधिशासी अभियन्ता,
वि0वि0 खण्ड, नैनीडांडा

पत्रांक : 306/विविखनै/टी–6 दिनांक : 26.04.2023

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रा0 खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन (गढ़वाल)**

E Mail ID :- eepwdlansdowne@gmail.com, & eepwdlansdowne@rediffmail.com, Phone/Fax : (01386) 262260

पत्रांक सं0 /21 एम0जी0 दिनांक- .04.2023

## निविदा सूचना

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें दि0 09.05.2023 अपरान्ह 3:00 बजे निम्नलिखित कार्यालयों में आमंत्रित की जाती है निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा डाकरघर बचत पासबुक के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता प्रा0खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन के नाम पर बन्धक हो लगाना आवश्यक है, इसके अतिरिक्त निपिदा प्रपत्र के साथ रू0 100/- के जनरल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दि0 27.04.2023 से दि0 08.05.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं।
1. कार्यालय अधीक्षण अभियंता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0 पौड़ी। 2. कार्यालय अधिशासी अभियंता, प्रा0 खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 3. कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 दुगड्डा। 4. कार्यालय अधिशासी अभियंता, अस्थाई, खण्ड लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (व्यापार कर अतिरिक्त) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के विकासखण्ड जयहरीखाल के अन्तर्गत रैतपुर-कालौगांव-डेबडाली-तिलस्या मोटर मार्ग के किमी0 3 से रणकोट -कोटली मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। किमी0 03 (चैनेज 1.500 से 2.000 जॉब न0 04। | 36000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | मार्ग श्रेणी में पंजीकृत डी एवं उच्चतर |
| 2 | -----तदैव-----किमी0 4 (चैनेज 3.000 से 3.375) जॉब न0-07 | 33000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 6 माह | ---तदैव---- |

निविदायें दि0 10.05.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0, लैन्सडौन के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।


सहज, सुखद, सुगम एवं सुरक्षित
चारधाम यात्रा
उत्तराखण्ड सचमुच स्वर्ग!




क्या करें
- अपने साथ पर्याप्त ऊनी कपड़े रखें.
- बारिश से बचाव के साधन साथ रखें- छतरी, रेनकोट इत्यादि
- यदि आप कोई दवाएँ लेते है तो कृपया साथ रखें.
- कृपया तीर्थ स्थान के राज्य प्राधिकारियों के निर्देशों का पालन करें
- यदि आप वाहन द्वारा यात्रा कर रहे हैं तो कृपया सुनिश्चित करें कि उत्तराखंड परिवहन विभाग द्वारा ट्रिप कार्ड जारी किया गया हो.

क्या नहीं करें
- यदि आपने यात्रा के लिए पंजीकरण नहीं करवाया है तो यात्रा नहीं करें.
- यदि आप अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं तो यात्रा नहीं करें.
- मंदिरों में दर्शन कराने का दावा करने वाले अनधिकृत व्यक्तियों के झांसे में नहीं आएं.

रजिस्ट्रेशन के माध्यम
registrationandtouristcare.uk.gov.in
+91-8394833833 (Type 'yatra' on WhatsApp)
टोल फ्री नं. 0135 1364
touristcareuttarakhand एप डाउनलोड करें
Google play | Download on the App Store

महत्वपूर्ण जानकारी
धामों पर दर्शन हेतु प्रत्येक दर्शनार्थी का पंजीकरण (registration) अनिवार्य है
रजिस्ट्रेशन में सही मोबाइल नम्बर अवश्य दर्ज करें
यात्रा से पूर्व मेडिकल चेकअप अवश्य करवाएं
यात्रा मार्ग में शिविरों और पड़ावों में धीरे-धीरे यात्रा करें ताकि जलवायु अनुकूलन (acclimatization) हो सके
अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन greencard.uk.gov.in पर करवाएं

सभी धामों के लिए पंजीकरण शुरू
* स्पॉट पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद्
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पर्यटन भवन, समीप ONGC हैलीपैड, गढ़ीकैंट, देहरादून
uttarakhandtourism.gov.in /UttarakhandTourismOfficialPage /UTDBofficial /uttarakhand_tourismofficial

सम्पादकीय

# शिक्षा में धर्म की घुसपैठ

धर्म में शिक्षा और शिक्षा में धर्म दोनों बहुत अलग विषय हैं। धन की शिक्षा के लिए खास स्कूल संचालित है जबकि सामान्य स्कूलों में यदि किसी खास धर्म को प्रभावी बनाकर उसके रीति रिवाज छात्रों पर थोपने का प्रयास किया जाए तो यह स्कूल प्रबंधन की मनमानी ही मानी जाएगी। उत्तराखंड के कई स्कूलों में एक खास धर्म के पर्वों के अवसर पर छुट्टी घोषित ना होने के बावजूद अवकाश घोषित किया जाता है तो कहीं खास त्यौहार पर स्कूल के छात्रों को विशेष वेशभूषा में आने के लिए विवश किया जाता है। ऐसा एक ताजा मामला उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में सामने आया है जहां श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में छात्रों से ईद के अवसर पर असेंबली में नमाज पढ़ाई गई तो, वही सिर पर टोपी रखकर आने के लिए कहा गया। अभिभावकों ने स्कूल के इस धार्मिक आचरण का विरोध किया और इसके बाद यह मामला उफान पकड़ गया। अब स्कूल को बंद करने एवं संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है तो वही प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ऐसा प्रभावी कदम देखने को नहीं मिला है जिसमें स्कूल द्वारा छात्रों पर मुस्लिम धर्म की परंपराओं एवम वेशभूषा को थोपने का प्रयास किया गया। शिक्षा के मंदिरों में इस प्रकार की हरकतों के लिए कोई स्थान नहीं है। विद्यालयों में हर धर्म और वर्ग के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं और यदि बच्चों पर किसी खास धर्म के आचरण को थोपने का प्रयास किया जाएगा तो विरोध तो होगा ही। हैरानी की बात यह है कि शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण कई स्कूल ऐसी हरकतें करते देखे गए हैं जहां कभी शुक्रवार के दिन अवकाश की घोषणा कर दी जाती है तो कहीं जबरन क्रिसमस पर बच्चों को सेंटा क्लॉस की वेशभूषा में आने के लिए आदेशित किया जाता है। निश्चित तौर पर स्कूलों का यह कर्तव्य है कि वह प्रत्येक धर्म को प्राथमिकता पर रखते हुए उनकी विशेषताओं के बारे में बच्चों को बताएं लेकिन यह कतई नहीं होना चाहिए कि धर्म की मान्यताओं को ऐसे छात्रों पर भी जबरन थोपा जाए जो उस धर्म के नहीं है। ऐसी कई घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं और कतिपय इन स्कूलों का दुस्साहस तभी देखने को मिल रहा है क्योंकि प्रबंध तंत्र जानता है कि सरकार या प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई होने वाली नहीं है फिर चाहे अभिभावक कितना ही आंदोलन क्यों ना करें। देहरादून के पब्लिक स्कूलों में इस प्रकार की कई असहनीय हरकतें देखने को मिल रही है, जिस पर प्रशासन एक्शन लेने को तैयार नहीं है। शिक्षा में धर्म को थोपना पूरी तरह से अनैतिक कृत्य है और यदि कोई भी स्कूल बच्चों पर गैर धर्म की मान्यताओं एवं परंपराओं को डरा धमकाकर थोपने का प्रयास करता है तो ऐसे विद्यालयों एवं प्रबंध तंत्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर दूसरों के लिए सबक तैयार करना चाहिए।

# नारी शक्तिः राष्ट्र की शक्ति

**सुधा मूर्ति**

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता...

यह श्लोक हजारों वर्ष पहले हमारे भारत में उस समय लिखा गया था जब हमारे पूर्वज नारी की शक्ति से अच्छी तरह परिचित थे। 'महिला' से आशय सिर्फ स्त्री लिंग नहीं है, बल्कि इसका अर्थ इससे भी कहीं आगे है। महिलाएं समाज का आधा हिस्सा हैं और वे परिवार की रीढ़ होती हैं। जहां महिलाओं का सम्मान होता है और उन्हें सही दर्जा मिलता है, वहां देवता निवास करते हैं। लेकिन हजारों वर्ष पहले के दिनों के उलट, सदियों से विभिन्न कारणों से हमारी महिलाओं को घरों के भीतर रखा गया।




प्राचीन भारत में, महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर माना जाता था और उन्हें बौद्धिक बहसों, प्रशासन, संपत्ति उत्तराधिकार, विद्वतापूर्ण ज्ञान आदि के मामले में मौके दिए जाते थे। बाद में महिलाओं को शिक्षा, सामाजिक स्थिति और काफी हद तक उनके अस्तित्व से वंचित कर दिया गया। उनकी पहचान केवल एक बेटी के रूप में, एक पत्नी के रूप में या एक मां के रूप में ही सिमट गई और उन्हें समानता एवं साहस के गौरव से वंचित हो जाना पड़ा।

मुझे लगता है कि महिलाएं पेड़ से बंधी मादा हाथी की तरह होती हैं। एक मादा हाथी के लिए एक पेड़ को उखाड़ देना कोई बड़ी बात नहीं है, और वह उसे आसानी से खींच सकती है। लेकिन मादा हाथी सोचती है कि वह जंजीर से बंधी है और इसलिए वह अपनी क्षमता का उपयोग नहीं करती है। महिलाओं के मामले में भी कुछ ऐसा ही है। वे कुशल प्रबंधक होती हैं, परिवार की नींव होती हैं, बेहद मेहनती होती हैं; लेकिन वे इस मानसिकता में जकड़ी होती हैं कि वे अपनी शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकतीं या अपनी क्षमताओं का उपयोग नहीं कर सकतीं।

इस तरह से सोचना संभव है क्योंकि किसी भी हलचल या लहर को प्रेरित करने के लिए एक प्रस्थान बिंदु की जरूरत होती है। यह बिंदु मिलेगा कैसे? कौन उनकी मदद करेगा? कौन उन्हें विश्वास दिलाएगा? कौन उनकी मदद करने के लिए नीति प्रदान करेगा या कौन पहली बार उसकी क्षमता को सामने लाएगा? धुएं से भरे रसोईघर से उसका बाहर आना कौन स्वीकार करेगा? एक नया उद्यम शुरू करने की इच्छा जताने पर कौन उसकी मदद करेगा? कौन खेल, स्वास्थ्य, रक्षा और विमानन के क्षेत्र में उसकी क्षमता की सराहना करेगा?

एकबारगी यह सब हो जाए, तो वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भरपूर क्षमता के साथ खुद को आगे बढ़ाएगी। उनके जीवन में इस तरह का अदभुत बदलाव एक ऐसे सही नेता की वजह से संभव हुआ है, जिन्होंने महिलाओं की स्थिति को लेकर बात की और लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया कि बेटियां ईश्वर का अनमोल उपहार हैं। उक्त नेता ने इस देश के सभी आम पुरुषों व महिलाओं के साथ अच्छे जीवंत और वास्तविक उदाहरणों के साथ एक कार्यक्रम के माध्यम से बातचीत शुरू की। उन्होंने सही शब्दों के साथ सही वादा किया और सही दिशा में आगे बढ़े। चाहे वह 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का मामला हो या 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना', 'उज्ज्वला योजना', 'स्वच्छ भारत मिशन' हो या फिर प्तसेल्फी विद डॉटर की बात हो। किसने नारी शक्ति को प्रोत्साहित किया और महिलाओं को यह याद दिलाया कि देश के राष्ट्रीय धन के निर्माण में उनकी भी जिम्मेदारी है? इस नेता ने यह सब 2014 में शुरू हुए 'मन की बात' की विभिन्न कड़ियों के जरिए किया, जिसमें बच्चों में परीक्षा का डर, माता–पिता का दबाव, महिला सशक्तिकरण (नारी शक्ति) आदि जैसे विभिन्न सामाजिक मुद्दे शामिल थे।

वह नेता कोई और नहीं बल्कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं|देश की जनता के साथ उनकी बातचीत के इस प्रसारित कार्यक्रम को 'मन की बात' के नाम से जाना जाता है। वह जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अलग–अलग लोगों के साथ, विभिन्न हितों के बारे में बात करते हैं और उन वास्तविक नायकों का पता लगाते हैं जो गुमनाम, अनसुने व अनदेखे हैं, लेकिन जिन्होंने महान कार्य किया है।

जब एक अच्छा नेता बिना किसी अतिशयोक्ति के लगातार बात करता है, तो लोग सुनते हैं और उसपर विश्वास करते हैं और फिर अनुसरण करते हैं। मोदी जो बोलते हैं और उनका जो आशय होता है, उसको लेकर पूरा देश उन पर अगाध भरोसा करता है। खासकर महिलाएं, जिन्हें उनकी बातों और परियोजनाओं से बहुत लाभ हुआ है। आज विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने बहुत कुछ हासिल किया है। जब महिलाएं असाधारण कार्य करती हैं, तो उनका नाम लिया जाता है और उनकी सराहना की जाती है और राष्ट्र उन्हें स्वीकार करता है। वे कई युवाओं के लिए आदर्श बन जाती हैं और इसीलिए लड़कियां बड़े सपने देख रही हैं क्योंकि उन्हें यह मालूम है कि नीतियां उनके पक्ष में हैं और उन सपनों को साकार किया जा सकता है।

कुछ महीने पहले, मैं अपने काम के सिलसिले में एक गांव में गई थी और वहां बच्चों के एक समूह के साथ बातचीत कर रही थी। हम आपस में अलग–अलग विषयों पर सवाल–जवाब कर रहे थे। बातचीत के अंत में, उस समूह की युवा लड़कियों से मेरा आखिरी सवाल यह था कि 'तुम बड़ी होकर क्या बनना चाहती हो?' चमक भरी आंखों वाली एक लडकी ने तुरंत कहा, मैं जोया अग्रवाल बनना चाहती हूं। मुझे उत्सुकता हुई और मैंने पूछा, क्यों। उसने कहा, आप टीवी नहीं देखतीं? आप अखबार नहीं पढ़तीं? जोया अग्रवाल संपूर्ण महिला पायलट टीम को उत्तरी ध्रुव के ऊपर से उड़ान भरती हुई 16,000 किलोमीटर की दूरी तय करके सन फ्रांसिस्को से बैंगलोर तक ले गईं। वह हमारे प्रधानमंत्री से मिलीं। मैं उनके जैसा बनना चाहती हूं।

एक दूसरी लडकी ने कहा, मैं ओलंपिक में भाग लेना चाहती हूं, क्योंकि मैं अन्य लड़कियों के लिए एक आदर्श बनूंगी और प्रधानमंत्री से सम्मान पाउंगी। तीसरी लडकी ने कहा, मैं एक महिला उद्यमी बनना चाहती हूं, क्योंकि पीएमएमवाई जैसी बड़ी परियोजनाएं उपलब्ध हैं जो मेरी मदद करेंगी। उनकी मां बाहर आईं और बोलीं, मैडम, मैं प्रधानमंत्री को एलपीदिलवाने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। इसने मेरी आंखों को धुएं से बचाया है और मेरे स्वास्थ्य को बेहतर किया है। एक अन्य महिला ने कहा, मैं अब शौचालय जाने में सुरक्षित महसूस करती हूं।

कुछ बूढ़ी औरतें आगे आईं और बोलीं, हम मन की बात' तो सुनती हैं, लेकिन धन-?यवाद कैसे करें यह हमें नहीं पता। मैडम, अगर आप उनसे मिलें या उन्हें लिखें, तो कृपया उन्हें हमारी तरफ से यह बताएं कि इस देश की आपकी बहनें आपका धन्यवाद करना चाहती हैं। उनके आंसुओं ने यह दर्शाया कि वे किस कदर आभार व्यक्त करना चाहती थीं। मैंने उनसे कहा था कि कभी, कहीं, किसी तरह यह कर दूंगी। और, मेरे मन में अनायास ही हमारी नारी शक्ति में आत्मविश्वास से भरा यह बदलाव दर्ज हो रहा रहा था।

मुझे एक बार फिर से यह श्लोक याद आया, यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।

**(लेखिका पद्म भूषण सम्मान प्राप्त शिक्षाविद और समाजसेवी हैं)**

**एकबारगी यह सब हो जाए, तो वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भरपूर क्षमता के साथ खुद को आगे बढ़ाएगी। उनके जीवन में इस तरह का अदभुत बदलाव एक ऐसे सही नेता की वजह से संभव हुआ है, जिन्होंने महिलाओं की स्थिति को लेकर बात की और लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया कि बेटियां ईश्वर का अनमोल उपहार हैं। उक्त नेता ने इस देश के सभी आम पुरुषों व महिलाओं के साथ अच्छे जीवंत और वास्तविक उदाहरणों के साथ एक कार्यक्रम के माध्यम से बातचीत शुरू की। उन्होंने सही शब्दों के साथ सही वादा किया और सही दिशा में आगे बढ़े। चाहे वह 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का मामला हो या 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना', 'उज्ज्वला योजना', 'स्वच्छ भारत मिशन' हो या फिर प्तसेल्फी विद डॉटर की बात हो। किसने नारी शक्ति को प्रोत्साहित किया और महिलाओं को यह याद दिलाया कि देश के राष्ट्रीय धन के निर्माण में उनकी भी जिम्मेदारी है? इस नेता ने यह सब 2014 में शुरू हुए 'मन की बात' की विभिन्न कड़ियों के जरिए किया, जिसमें बच्चों में परीक्षा का डर, माता—पिता का दबाव, महिला सशक्तिकरण (नारी शक्ति) आदि जैसे विभिन्न सामाजिक मुद्दे शामिल थे।**

# रहस्य तो कायम हैं



अमृतपाल को लेकर रहस्य अभी नहीं छंटे हैं। अब देखने की बात होगी कि क्या गिरफ्तारी के बाद राज्य से बहुत दूर भेजने के निर्णय से अमृतपाल का पंजाब में असर कमजोर होगा? यह उसका साया वहां मंडराता रहेगा?

उग्रवादी नेता अमृतपाल सिंह को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन उससे उन रहस्यों पर से अभी परदा नहीं हटा है, जो वारिस दे पंजाब नाम के संगठन के इस नेता को लेकर पिछले महीनों में गहराती चली गई हैं। इनमें सबसे पहला रहस्य तो यही है कि यह शख्स आखिर अचानक कहां से आ धमका और इस हद तक चर्चित हो गया। शुरुआती दिनों में पंजाब पुलिस ने उसके साथ जो विशेष बर्ताव किया, उससे भी कई सवाल उठे थे। और अंत में जिस ढंग से उसकी गिरफ्तारी की कोशिश हुई और उसके बीच यह गायब हो गया, उन सबने लोगों के मन में कहीं ना कहीं कुछ काला होने का भाव पैदा किया। अब उसकी गिरफ्तारी उस मुकाम पर आने के बाद हुई है, जब वह एक बहुचर्चित व्यक्ति बन चुका है। साथ ही वह पंजाब में एक खास तरह की अलगावादी–सियासी धारा की नुमाइंदगी करता भी दिख रहा है।

**गिरफ्तार करने के बाद जिस तरह उसे असम ले जाने का फैसला हुआ, उससे भी यही संकेत दिया गया कि पंजाब में इस व्यक्ति को लेकर एक खास तरह की परिस्थिति पैदा हो चुकी है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि सुरक्षा कारणों से अमृतपाल सिंह को असम की डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया है। अमृतपाल को पंजाब की जेल में रखने से राज्य में तनाव बढ़ने की आशंका थी। पंजाब या आसपास की किसी जेल में बंद होने पर अजनाला पुलिस स्टेशन जैसी घटना होने की भी आशंका थी। गौरतलब है कि अजनाला में अमृतपाल के एक समर्थक को हिरासत में लिया गया था, लेकिन वहां एक बड़ी भीड़ इकृी हो गई, जिसने पुलिस को हिरासत में लिए गए व्यक्ति को रिहा करने पर मजबूर कर दिया था। ऐसे में वैसी घटना की आशंका के कारण अमृतपाल को असम भेजने का आखिर क्या संदेश है?**

गिरफ्तार करने के बाद जिस तरह उसे असम ले जाने का फैसला हुआ, उससे भी यही संकेत दिया गया कि पंजाब में इस व्यक्ति को लेकर एक खास तरह की परिस्थिति पैदा हो चुकी है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि सुरक्षा कारणों से अमृतपाल सिंह को असम की डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया है। अमृतपाल को पंजाब की जेल में रखने से राज्य में तनाव बढने् की आशंका थी। पंजाब या आसपास की किसी जेल में बंद होने पर अजनाला पुलिस स्टेशन जैसी घटना होने की भी आशंका थी। गौरतलब है कि अजनाला में अमृतपाल के एक समर्थक को हिरासत में लिया गया था, लेकिन वहां एक बड़ी भीड़ इकृी हो गई, जिसने पुलिस को हिरासत में लिए गए व्यक्ति को रिहा करने पर मजबूर कर दिया था। ऐसे में वैसी घटना की आशंका के कारण अमृतपाल को असम भेजने का आखिर क्या संदेश है? अमृतपाल पर अब तक जो मुकदमे दर्ज हुए हैं, उनमें एक अजनाला की घटना से भी संबंधित है। अब देखने की बात होगी कि क्या गिरफ्तारी के बाद राज्य से बहुत दूर भेजने के निर्णय से अमृतपाल का पंजाब में असर कमजोर होगा? यह उसका साया वहां मंडराता रहेगा?

# जात राजनीति का जवाब हैं योगी

**हरिशंकर व्यास**

विपक्ष की जात राजनीति का जवाब भाजपा ज्यादा बड़ी जात राजनीति से देगी या उसका जवाब ज्यादा उग्र और आक्रमक हिंदुत्व से दिया जाएगा? इस सवाल के जवाब से आगे की राजनीति की दिशा, दशा और केंद्रीय चेहरे तय होंगे। विपक्ष ने जाति को अपना हथियार बनाया है। उनका मुद्दा सामाजिक न्याय है। बिहार से शुरू हुई मंडल दो की राजनीति पूरे देश में फैलेगी। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे उस रास्ते पर चल पड़े हैं। उनका मानना है कि पूरे देश में जाति आधारित जनगणना जरूरी है ताकि हर जाति को उसकी आबादी के हिसाब से आरक्षण दिया जा सके। आबादी के हिसाब से उसे देश के संसाधनों में हिस्सेदारी दी जाए। अगर सरकारी नौकरियां नहीं हैं या सरकारी स्कूल–कॉलेज पढने् लायक नहीं हैं तो निजी कंपनियों में भी आरक्षण लागू हो और निजी क्षेत्र के स्कूल–कॉलेजों में भी आरक्षण की व्यवस्था हो। यही विपक्ष की अगले चरण की राजनीति का मुख्य मुद्दा बनने वाला है।

इसका जवाब देने के लिए भाजपा के पास दो रास्ते हैं। पहला रास्ता तो वह है, जिसका ऐलान विपक्षी पार्टियों से पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उन्होंने 2021 में जब अपनी दूसरी सरकार में पहली बार फेरबदल की तो ऐलान करके कहा कि उनकी सरकार में सबसे ज्यादा ओबीसी यानी अन्य पिछड़ी जातियों के मंत्री हैं। प्रधानमंत्री ने अपने नए मंत्रियों का जब संसद में परिचय कराया तब भी यह बात कही कि उनकी सरकार में सबसे ज्यादा ओबीसी, एससी और एसटी मंत्री बने हैं और यह बात विपक्ष को पसंद नहीं आ रही है। मोदी की दूसरी सरकार में 27 ओबीसी मंत्री हैं और 20 एससी वह एसटी समुदाय के मंत्री हैं। जो 27 ओबीसी मंत्री हैं उनमें से 19 अति पिछड़ी जातियों के हैं। यह विपक्ष की जात राजनीति का एक जवाब है। भाजपा बार बार बताती है कि प्रधानमंत्री मोदी पिछड़ी जाति से आते हैं। सो, पिछड़ी जाति के प्रधानमंत्री की सरकार में सबसे ज्यादा पिछड़ी जाति के मंत्री हैं। जरूरत पडने् पर और भी बनाए जा सकते हैं। आरक्षण को लेकर भी भाजपा कह चुकी है



कि मोदी के रहते कोई आरक्षण को हाथ भी नहीं लगा सकता है।

लेकिन जाति और आरक्षण की राजनीति को लेकर भाजपा की सीमाएं हैं। वह एक सीमा से आगे नहीं बढ़ सकती है। उसके पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खड़ा है, जिसके बारे में धारणा है कि वह अगड़ी जाति के लोगों का संगठन है और आरक्षण विरोधी है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार आरक्षण की समीक्षा करने की बात कही थी। इस पर बिहार में ऐसी राजनीति हुई थी कि 2015 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां साफ हो गई थीं। यह भी तय है कि भाजपा जाति आधारित जनगणना नहीं कराने जा रही है। इसका कारण यह है कि जाति जनगणना के आंकड़े हिंदू समाज को पहले से ज्यादा विभाजित करेंगे। सैकड़ों जातियां अपनी संख्या लेकर सत्ता में हिस्सेदारी की बात करेंगी। इससे हिंदुत्व का समूचा नैरेटिव फेल होगा। भाजपा अब तक व्यापक हिंदू समाज को कंसोलिडेट करने के लिए जो प्रयास कर रही थी उसका तब कोई मतलब नहीं रह जाएगा। मंदिर बनाने से लेकर 80 और 20 फीसदी तक की राजनीति का नारा राजनीतिक रूप से कारगर नहीं रह जाएगा।

सो, जात राजनीति की काट में भाजपा जाति की राजनीति करके कामयाब नहीं हो सकती है। उसे ज्यादा उग्र हिंदुत्व की राजनीति करनी होगी। जाति की सीमा मिटाने वाला नैरेटिव तैयार करना होगा। और वह नैरेटिव तैयार होगा योगी आदित्यनाथ के चेहरे और उनके काम से। प्रधानमंत्री मोदी हिंदू हृदय सम्राट हैं लेकिन उनकी छवि एक बड़े राजनेता और विकास पुरूष की भी बनाई गई है। गुजरात दंगों के बाद जो छवि वह काफी हद तक बदल गई है, जबकि योगी आदित्यनाथ की वैसी छवि बन रही है, जैसी 2002 के बाद मोदी की बनी थी। योगी कट्टर हिंदुत्व का चेहरा बन रहे हैं। मीडिया में उनका जिस तरह से महिमामंडन हो रहा है वह अपनी जगह है लेकिन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की हत्या के बाद सोशल मीडिया में जो माहौल बना वह अभूतपूर्व है। सामान्य लोगों ने, महिलाओं और युवाओं ने और यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट की तस्वीरें बदलीं और मुी बांध कर दोनों हाथ ऊपर उठाए हुए योगी की तस्वीर लगाई।

फरवरी के आखिरी हफ्ते से लेकर अभी तक की घटनाओं ने योगी की लार्जर दैन लाइफ छवि को और मजबूती दी है। फरवरी के अंत में राजू पाल मर्डर केस के गवाह और दो पुलिसकर्मियों की गोली मार कर हत्या की गई थी। उस हत्याकांड में अतीक और उसके बेटे असद के साथ साथ अशरफ और सात अन्य लोग आरोपी थी। घटना के बाद योगी आदित्यनाथ ने माफिया को मिट्टी में मिला देने की बात कही थी। अप्रैल का तीसरा हफ्ता आते आते छह लोग मार दिए गए यानी मिट्टी में मिला दिए गए। उमेश पाल पर गोली चलाने वालों में सात लोगों की पहचान हुई थी, जिसमें से असद अहमद सहित चार लोगों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार दिया। अतीक व अशरफ की पुलिस हिरासत में गोली मार कर हत्या कर दी गई। यह योगी के बुलडोजर न्याय से एक कदम आगे की घटना थी। असल में उत्तर प्रदेश में यह धारणा स्थापित की गई है कि माफिया का मतलब मुस्लिम माफिया होता है और उसके बाद उसे मिट्टी में मिलाने का काम शुरू हुआ। इससे पहले योगी की सरकार ने ही सबसे पहले रोमियो स्क्वायड बना कर हिंदू लड़कियों को कथित लव जिहादी यानी मुस्लिम लडकों से बचाने का अभियान शुरू किया था।

मुस्लिम गैंगेस्टर को खत्म करने और हिंदुओं को बचाने की धारणा से व्यापक हिंदू समाज में सुरक्षा का भाव बना है। याद करें कैसे गुजरात में 2002 के दंगों के बाद नरेंद्र मोदी की वजह से हिंदुओं में सुरक्षा का भाव पैदा हुआ था। वैसा ही भाव योगी की वजह से व्यापक हिंदू समाज में पैदा हुआ है। यह निजी तौर पर योगी की और पार्टी के स्तर पर भाजपा की बड़ी ताकत बनेगी। एक तरफ अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण का हो रहा है तो दूसरी ओर काशी कॉरिडोर बना है तो मां विध्यवासिनी के कॉरिडोर का काम हो रहा है। इस तरह हिंदुत्व का सकारात्मक एजेंडा तो दूसरी ओर 20 फीसदी के मुकाबले 80 फीसदी के मन में श्रेष्ठता, सर्वोच्चता और सुरक्षा की भावना भरने का एजेंडा है। जाति की बजाय हिंदुत्व के छाते के नीचे लोगों को एकजुट करने का यह वह बड़ा मुद्दा हो सकता है, जिसका प्रतीक योगी हैं।

# महाराष्ट्र में पवार ने भाजपा को चिढ़ाया !

महाराष्ट्र में क्या चाचा–भतीजे या शरद और अजित पवार ने एक बार फिर भाजपा को चिढ़ाने और नीचा दिखाने का काम किया है? पवार परिवार यह काम पहले अक्टूबर 2019 में कर चुका है, जब अजित पवार ने एनसीपी का समर्थन भाजपा को दिया था और उनके दावे के आधार पर तब के राज्यपाल ने एक दिन तड़के देवेंद्र फडनवीस को मुख्यमंत्री और अजित पवार को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी थी। लेकिन चार–पांच दिन में ही फडनवीस को इस्तीफा देना पड़ा था क्योंकि अजित पवार पीछे हट गए थे। बाद में फडनवीस ने कहा कि उस समय जो भी हुआ था वह शरद पवार की जानकारी में हुआ था।

तभी सवाल है कि क्या फिर वही कहानी दोहराई गई है? यह भी सवाल है कि जब भाजपा एक बार पवार चाचा–भतीजे से धोखा खा चुके थे तो फिर भरोसा क्यों किया? ध्यान रहे भाजपा के नेता पवार जूनियर का स्वागत करने को तैयार बैठे थे। भाजपा की ओर से यह कहा जाने लगा था कि अजित पवार बड़े और अनुभवी नेता हैं और अगर वे भाजपा के साथ आते हैं तो बहुत अच्छा होगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी अटकलों को खारिज करने की बजाय कहा कि राजनीति में बातचीत चलती रहती है।

ऐसा लग रहा है कि मीडिया और राजनीतिक हलके में मचे चौतरफा हल्ले से भाजपा धोखा खा गई। पिछले कई दिनों से चर्चा थी कि अजित पवार एनसीपी के 40 विधायकों के साथ अलग हो रह हैं और भाजपा को समर्थन देंगे। इस प्रचार का आधार यह बनाया गया कि एकनाथ शिंदे और उनके 15 विधायकों की सदस्यता सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जा सकती है। ऐसी स्थिति में सरकार बचाए रखने के लिए अतिरिक्त मदद की जरूरत होगी। तभी कहा जा रहा था कि अजित पवार एनसीपी तोड़ कर भाजपा के साथ आ जाएंगे और भाजपा उनको मुख्यमंत्री भी बना सकती है। अगर शिंदे की सदस्यता नहीं जाती है तब अजित पवार उप मुख्यमंत्री बन सकते थे।

लेकिन अब सारा मामला खत्म हो गया है। अजित पवार ने कहा है कि वे जब तक जीवित रहेंगे, तब तक एनसीपी के लिए काम करेंगे। जानकार सूत्रों का कहना है कि उद्धव ठाकरे के साथ मिल कर शरद पवार ने इसकी योजना बनाई थी। उन्होंने भाजपा और शिंदे गुट के बीच सब कुछ ठीक नहीं होने का मैसेज बनवाया। शिव सेना के कार्यकर्ताओं में यह मैसेज गया कि भाजपा को शिंदे पर भरोसा नहीं है या मौका मिले तो वह शिंदे को अलग करके दूसरे नेता की मदद ले सकती है। इससे शिव सैनिक उद्धव ठाकरे के साथ एकजुट होंगे। दूसरी ओर आम मतदाताओं में भाजपा की परेशानी का मैसेज जाएगा और यह माना जाएगा कि वह सरकार बचाए रखने के लिए किसी की मदद लेने को तैयार है। पवार परिवार का यह खेल इतना परफेक्ट था कि महाराष्ट्र के अनुभवी पत्रकार और राजनीतिक जानकार भी धोखा खा गए थे।

## यूरोपीय संघ से यूक्रेन को मिला 6.6 बिलियन डॉलर का बजट सपोर्ट

**कीव एजेंसी,।** रूस का यूक्रेन पर आक्रमण जारी है। इस बीच इस साल अभी तक यूक्रेन को यूरोपीय संघ (ईयू) से प्रत्यक्ष बजट समर्थन में 6 बिलियन यूरो (6.6 बिलियन डॉलर) प्राप्त हुए हैं। यूक्रेन सरकार ने ये जानकारी दी। यूक्रेन को यूरोपीय संघ से 1.5 बिलियन यूरो की मैक्रो-वित्तीय सहायता (एमएफए) की तीसरी किश्त प्राप्त हुई, जिसे बजट जरूरतों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

यूक्रेन को जनवरी में 3 बिलियन यूरो की पहली किश्त और मार्च में 1.5 बिलियन यूरो की दूसरी किश्त प्राप्त हुई थी।

सहायता पर टिप्पणी करते हुए, वित्त मंत्री सेर्ही मार्चेंको ने कहा कि यूरोपीय संघ के समर्थन से सरकार को समय पर और पूर्ण रूप से बजट को लागू करने में मदद मिलेगी। एमएफए के तहत, यूरोपीय संघ ने 2023 में यूक्रेन को कुल 18 बिलियन यूरो का रियायती वित्तपोषण प्रदान करने की योजना बनाई है।

## लीबिया के तट से 61 अवैध प्रवासियों को बचाया गया

**त्रिपोली, एजेंसी।** लीबिया के तटरक्षक बल ने 61 अवैध प्रवासियों को बचाया है और राजधानी त्रिपोली से लगभग 55 किमी पूर्व में गरराबुल्ली के तट से 11 शव बरामद किए हैं। हमने एक बच्चे समेत 11 शव बरामद किए हैं। आज बचाए गए अवैध प्रवासियों की कुल संख्या विभिन्न अफ्रीकी, एशियाई और अरब राष्ट्रीयताओं के 61 है। इस वर्ष अब तक लीबिया के अधिकारियों द्वारा कुल 4,335 अवैध प्रवासियों को बचाया या रोका गया है। इस बीच, इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन के अनुसार, 310 अवैध प्रवासियों की मौत हो गई है और 227 अन्य लीबिया के तट से केंद्रीय भूमध्यसागरीय मार्ग पर लापता हो गए हैं।

प्रवासी और शरण चाहने वाले अनियमित आधार पर यूरोपीय संघ में प्रवेश करने के लिए केंद्रीय भूमध्य मार्ग का उपयोग करते हैं। ज्यादातर प्रवासी लीबिया से यूरोप की ओर अपनी यात्रा पर जाते हैं।इसने लीबिया में अच्छी तरह से स्थापित और मजबूत तस्करी और तस्करी नेटवर्क के विकास में योगदान दिया है।

## निकाय चुनाव में जीत का मंत्र देने कुंभ नगरी आएंगे सीएम योगी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** नगर निकाय चुनाव के प्रथम चरण में प्रयागराज में नगर निकाय और निगम के लिए चुनाव होना है। भाजपा समेत सभी प्रत्याशी इसे लेकर दिन रात पसीना बहा रही है। जनसंपर्क अभियान के साथ अब जन सभाओं का दौर शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में सीएम योगी भी पार्टी को जीत की संजीवनी देने प्रयागराज आयेंगे।

माफिया राज के आतंक का अंत करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की गई जिससे हर जगह अमन-चैन कायम हुआ। भाजपा नगर निकाय चुनाव के संयोजक अवधेश गुप्ता बताते हैं कि प्रयागराज में चार दशकों से कायम अतीक के आतंक अंत कर भय मुक्त समाज का इतिहास बनाने वाली योगी सरकार की कार्यवाही निकाय चुनाव मे सबसे बड़ा मुद्दा है। अधिवक्ता उमेश पाल और उसके दो सरकारी गनर की हत्या के बाद महज 48 दिन में जिस तरह अतीक अहमद के 44 साल के आतंक पर योगी सरकार ने आखिरी कील ठोंकी उसे सम्पूर्ण देश ने देखा है। भाजपा माफियाओं पर प्रहार के साथ योगी सरकार में कुम्भ नगरी प्रयागराज में विकास की बयार को भी जन-जन में पहुंचाया है ।

# अतीक-अशरफ हत्या मामले में सरकार ने दाखिल की कैविएट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोर्ट कचहरी के मामले में आप लोगों ने कई बार कैविएट याचिका का जिक्र जरूर सुना होगा। कई वकील और आम लोग भी इस शब्द का प्रयोग करते हैं। आखिर ये कैविएट होता क्या है और किन किन तरह के मामलों में कैविएट याचिका दायर की जाती है।

बता दें कि केवियट के संबंध में सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 148(ए) में प्रावधान मिलते हैं। कैविएट का संबंध केवल सिविल मामलों से होता है।

कैविएट का मतलब किसी व्यक्ति को पहले से ही सावधान करना होता है। सिविल मामलों में कुछ परिस्थितियां ऐसी होती हैं जहां कोई परिवादी किसी मुकदमे को न्यायालय में लेकर आता है और उस मुकदमे से संबंधित प्रतिवादी को समन जारी किए जाते हैं।

कैविएट याचिका एक तरह का बचाव होता है ताकि कोर्ट किसी मामले में एक पक्षीय फैसला ना सुनाए। सिविल प्रोसीजर के कोड 148 (ए) के तहत कैविएट याचिका फाइल की जाती है।यदि पक्षकार हाजिर नहीं होता है तब कोर्ट ऐसे पक्षकार को एकपक्षीय कर अपना फैसला सुना देता है।ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए कैविएट जैसी व्यवस्था बनाई गई है। कानून में



यह नैसर्गिक न्याय का सिद्धांत है कि सभी पक्षकारों को बराबरी से सुना जाए।सभी पक्षकारों से बराबरी से सबूत लिए जाएं, उसके बाद अपना फैसला सुनाया जाए। लेकिन कई मामले ऐसे होते हैं, जहां पक्षकार कोर्ट की किसी बात को सुनते ही नहीं हैं।

किसी प्रतिवादी को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया जाता है, लेकिन प्रतिवादी न्यायालय की बात की अवहेलना कर देते हैं। मजबूर होकर उस अवहेलना करने वाले पक्षकार को कार्यवाही से एकपक्षीय करना पड़ता है, जिसका मतलब है कि उस व्यक्ति का पक्ष सुना ही नहीं जाता है, क्योंकि कोर्ट उसे बार बार बुला रहा होता है और वह व्यक्ति कोर्ट के समक्ष उपस्थित ही नहीं हो रहा था।

यहां पर कोर्ट को भी न्याय करना होता है, ऐसी परिस्थिति में अदालत केवल एक पक्ष (वादी) को सुनकर कोई भी फैसला सुना देती है, जो तथ्यों और परिस्थितियों के अनुरूप ही होता है।वहीं, कई बार इस व्यवस्था का दुरुपयोग भी होता था। कई बार समन की तामील होती ही नहीं थी और वादी द्वारा यह कह दिया जाता था कि समन की तामील हो चुकी है। इसके बाद इससे संबंधित सबूत भी न्यायालय में पेश कर दिए जाते थे, जबकि प्रतिवादी को इस बात की कोई जानकारी ही नहीं होती थी, इसलिए कैविएट जैसी व्यवस्था आई।

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 148(ए) कैविएट को उल्लेखित करती है। इस धारा में कहा गया है कि कोई भी पक्षकार किसी मामले में अंदेशे के आधार पर न्यायालय के समक्ष एक कैविएट दाखिल करके यह कह सकता है कि अगर उससे संबंधित मामला कोर्ट में लाया जाए तब उसके पक्ष को सुने बिना मामले में किसी प्रकार का कोई भी फैसला ना दिया जाए।

ऐसी कैविएट किसी कोर्ट में अपने खिलाफ भविष्य में आने वाली किसी कार्यवाही में पक्षकार बनने के अंदेशे पर दिया जाता है। जाहिरतौर पर न्यायालय में किसी तरह का कोई मुकदमा दर्ज नहीं होता है, लेकिन मुकदमा दर्ज होने की संभावनाएं होती हैं।

तो बस इसी संभावना के आधार पर ही कैविएट को दाखिल किया जाता है। जैसे कि किसी व्यक्ति को यह संभावना है कि कोई व्यक्ति या संस्था उसके खिलाफ किसी प्रकार का सिविल प्रकरण या किसी अन्य मामले को लेकर न्यायालय के समक्ष ला सकता है, तब वह व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के खिलाफ कैविएट दायर कर सकता है।बता दें कि इस तरह की कैविएट किसी भी मामले में दाखिल की जा सकती है, भले ही कोई वाद हो या कोई अपील। हालांकि आमतौर पर ऐसी कैविएट अपील की संभावना के आधार पर दाखिल होती है।

## एलओसी के पास आतंकियों का जमावड़ा, लॉन्च पैड एक्टिव; कश्मीर में जी20 बैठक से पहले पाक का डर्टी गेम शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कश्मीर में जी20 बैठक होने से पहले पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों पर उतर आया है। दरअसल जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ करवाने के लिए पाकिस्तान की घटिया साजिश का खुलासा हुआ है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तानी सेना ने आंतकियों की मदद के लिए नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पांच कंट्रोल रूम कायम किए हैं। खुफिया जानकारी के मुताबिक ये कंट्रोल रूम भिम्बर, नीलम वैली, लीपा वैली, रावलकोट और मुजफ्फराबाद में बनाए गए हैं। इन कंट्रोल रूम से इसकी निगरानी रखी जाएगी कि कैसे आतंकियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ करवाना है। इसका मकसद भारत की सेना के जवानों की मूवमेंट के बारे में आतंकियों को जानकारी भी देना है।खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली है कि पाकिस्तान ने अपने सभी लांच पैड को एक्टिव कर दिया है।

## महाराष्ट्र में कोरोना के 722 नए मामले, तीन मरीजों की मौत

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 722 नये मामले सामने आये हैं और इस जानलेवा विषाणु के कारण इस दौरान तीन लोगों ने जान गंवाई है।इसके साथ राज्य में कोविड-19 से अब तक प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या 81,62,842 हो गई और मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,48,507 हो गई है। मौजूदा समय में राज्य में मृत्यु दर 1.81 प्रतिशत है।राज्य में दर्ज किए गए 722 नए मामलों में से मुंबई सर्कल में 328 मामले दर्ज किए गए, जबकि मुंबई, लातूर और नागपुर में इसके कारण क्रमशः एक-एक मरीजों की मौत हुई।

## पाकिस्तान को सता रहा एक और सर्जिकल स्ट्राइक का डर

### पुंछ आतंकी हमले के बाद पड़ोसी मुल्क में हो रही चर्चा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के पूर्व राजनयिक अब्दुल बासित को डर सता रहा है कि भारत पड़ोसी मुल्क पर एक और सर्जिकल स्ट्राइक करेगा।

पुंछ आतंकी हमले के बाद बदहाल पाकिस्तान को जवाबी कार्रवाई का डर सता रहा है और यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

बकौल एजेंसी अब्दुल बासित ने एक वीडियो में कहा, "अब पाकिस्तान में लोग भारत द्वारा एक और सर्जिकल स्ट्राइक या फिर एयर स्ट्राइक की बात कर



रहे हैं। मुझे नहीं लगता है कि अब वे ऐसा करेंगे, क्योंकि वे (भारत) इस साल एससीओ (रउड) और जी-20 की बैठक कर रहे हैं।"

उन्होंने कहा कि जब तक भारत अध्यक्षता (जी-20) कर रहा है, तब तक ऐसा खतरा नहीं दिख रहा, लेकिन अगले साल चुनावों के दौरान भारत फिर से ऐसा कर सकता है। यह भारत में चुनावों से ठीक पहले हो सकता है। अब्दुल बासित ने कहा कि भारत जानता है कि हम कहां खड़े हैं। अब्दुल बासित का यह वीडियो पुंछ हमले के कुछ दिनों बाद सामने आया।

इसी बीच अब्दुल बासित ने पुंछ में हुए भयानक कृत्य को सही ठहराने की भी कोशिश की, जिसमें भारतीय सेना के पांच जवानों का बलिदान हुआ।

बता दें कि 20 अप्रैल को संगयोट में तैनात सेना की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। इसी दिन इफ्तार का सामान लेकर लौट रहे सेना के वाहन पर आतंकियों ने हमला किया, जिसमें पांच जवान बलिदान व एक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

सूत्रों के अनुसार, आतंकवादियों के लश्कर-ए-तैयबा (छीळ) से होने का संदेह है। हमले के बाद सेना ने करीब छह से सात आतंकवादियों के एक समूह का पता लगाने के लिए शुक्रवार को बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया था। कहा जा रहा था कि यही आतंकवादी हमले के पीछे हो सकते हैं।

## कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार को हराने को भाजपा ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** कर्नाटक में लिंगायत समाज के मतदाताओं को रिझाने की राजनीतिक लड़ाई के बीच भाजपा ने अपने पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार को विधान सभा चुनाव हराने की पूरी तैयारी कर ली है।

सबसे दिलचस्प तथ्य तो यह है कि एक जमाने में लिंगायत जगदीश शेट्टार को भाजपा में बढ़ावा दिलवाने वाले लिंगायतों के सबसे बड़े नेता बीएस येदियुरप्पा ने ही अब उन्हें विधान सभा चुनाव में हराने का संकल्प ले लिया है और वही इस चुनावी अभियान की अगुवाई भी करते नजर आ रहे हैं। भाजपा से विधान सभा चुनाव का टिकट नहीं मिलने के कारण राज्य के बड़े लिंगायत नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार कांग्रेस में शामिल होकर चुनाव लड़ रहे हैं। शेट्टार हुबली धारवाड़ सेंट्रल विधान सभा क्षेत्र से सातवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस उन्हें सामने रखकर प्रदेश के लिंगायत मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रही है, तो वहीं भाजपा शेट्टार को उनके ही मजबूत गढ़ में हराने की रणनीति पर काम कर रही है।

बीएस येदियुरप्पा ने मंगलवार रात को हुबली में लिंगायतों का सम्मेलन बुलाकर लोगों को यह बताया कि पार्टी ने किस तरह से जगदीश शेट्टार को विधायक, मंत्री, विधान सभा स्पीकर, विधान सभा में विपक्ष का नेता और मुख्यमंत्री तक बनाया। लेकिन उन्होंने पार्टी को धोखा दिया है, विश्वास तोड़ा है और इसलिए जगदीश शेट्टार को किसी भी कीमत पर जीतना नहीं चाहिए। येदियुरप्पा ने बैठक में यहां तक कहा कि वो स्वयं हुबली में रैली और रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हुबली में आएंगे। पार्टी शेट्टार को हराने के लिए पूरी तरह से एकजुट होकर मेहनत करेगी।

आपको बता दें कि, सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह ने भी हुबली में यह घोषणा की थी कि जगदीश शेट्टार इस बार चुनाव हारेंगे।

शाह ने मंगलवार को कर्नाटक के बागलकोट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बिना नाम लिए इशारों-इशारों में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी पर तंज कसते हुए यह भी कहा था कि, अभी-अभी हमारे एक-दो नेता पार्टी छोड़ गए हैं, तो उनको लगता है कि बहुत बड़ा फायदा हो गया है। मैं कांग्रेस पार्टी को कहना चाहता हूं कि आपको कोई फायदा नहीं होने वाला है, क्योंकि आपने तो हमेशा लिंगायत समाज का अपमान ही किया है।

## मुख्यमंत्री के विजिलेंस सेल ने राज्यसभा सांसद अजीत भुइयां के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ ने राज्यसभा सांसद अजीत भुइयां और 13 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ एमपीलैड फंड आवंटन घोटाले के संबंध में मामला दर्ज किया। एक विशेष अदालत में दायर मामला इस मामले में प्राथमिक मुद्दों के रूप में भ्रष्टाचार और कदाचार के आरोपों के बारे में है। राज्य सरकार के उच्च पदस्थ अधिकारी शर्मिष्ठा बोरा और हेमंत दत्ता उन लोगों में शामिल हैं, जिन्हें फंसाया गया है।एमपीलैड फंड घोटाले के सिलसिले में कम से कम चार सरकारी अधिकारियों को पहले 18 मार्च को निलंबित कर दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, भुइयां के एमपीलैड फंड से पैसा बरपेटा जिले में सड़क बनाने के लिए दिया गया था। हालांकि नियमों का उल्लंघन कर 75 फीसदी काम पूरा होने से पहले ही पैसा जारी कर दिया गया।

## यूएई में भारतीय प्रवासी की मौत के मामले में नाव संचालक पर लापरवाही का आरोप

**दुबई ,एजेंसी।** केरल के 38 वर्षीय प्रवासी की जहाज पलटने की घटना में मौत के बाद शारजाह पुलिस ने टूरिस्ट बोट कंपनी के प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है और ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। शारजाह में अधिकारियों ने सुरक्षा प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने वाले कई अन्य पर्यटक नाव संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की है। अभिलाष अपने साथियों के साथ नौका विहार करने गया था, जब पिछले सप्ताह खोर फक्कन समुद्र तट पर दुर्घटना हुई थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी और सात साल के बच्चे सहित चार अन्य घायल हो गए थे।

दुर्घटना के पीछे टूरिस्ट बोट कंपनी के प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है और सार्वजनिक अभियोजन पक्ष को भेजा गया है।शारजाह पुलिस के कमांडर-इन-चीफ मेजर-जनरल सैफ अल जरी अल शम्सी ने कहा कि घटना के बाद, एक आपातकालीन बचाव दल को साइट पर भेजा गया था, और उनके द्वारा की गई जांच से पता चला कि ओवरलोडिंग दुर्घटना का कारण थी।दुर्घटना के वक्त नाव में 16 यात्री सवार थे, जबकि जहाज में अधिकतम 10 लोग ही बैठ सकते थे।पुलिस और पैरामेडिक्स सहित कई बचाव दल मौके पर पहुंचे।जांच से पता चला है कि कंपनी ने अधिक लाभ कमाने के लिए अधिक लोगों को लिया।जांच के परिणाम के बाद, नाव के प्रबंधन और ड्यूटी पर मौजूद सभी कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया।इस बीच, पुलिस ने अमीरात में अन्य सभी नाव संचालकों को सुरक्षा जांच करने की चेतावनी जारी की है।मेजर-जनरल अल शम्सी ने नाव संचालकों को सुरक्षा और सुरक्षा दिशानिदेशरें का सख्ती से पालन करने का आदेश दिया।

## ब्रिटेन में बनेगा पहला जगन्नाथ मंदिर, भारतीय मूल के बिजनेसमैन ने दान किए 250 करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटेन में संचालित एक धर्मार्थ संगठन लंदन में भगवान जगन्नाथ के पहले मंदिर के निर्माण की योजना बना रहा है। उसकी इस योजना का ओडिशा मूल के एक उद्यमी ने समर्थन करते हुए 2.5 करोड़ पौंड देने का संकल्प लिया है और उम्मीद जताई है कि मंदिर निर्माण का पहला चरण अगले साल के अंत तक हो जाएगा।

'चैरिटी कमीशन इन इंग्लैंडइ में पंजीकृत श्री जगन्नाथ सोसाइटी (एसजेएस), ब्रिटेन ने कहा कि वैश्विक भारतीय निवेश-।क बिश्वनाथ पटनायक ने रविवार को लंदन में आयोजित पहले श्री जगन्नाथ सम्मेलन में संकल्प लिया।फिननेस्ट समूह के संस्थापक पटनायक और कंपनी के प्रबंध निदेशक अर्जुन कार परियोजना के प्रधान दानकर्ताओं में शामिल हैं।

## सूडान में संघर्ष के चलते आपदा में बदल रहा मानवीय संकट : संयुक्त राष्ट्र

**खार्तूम , एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के सहायक महासचिव जॉयस मसूया ने कहा है कि सूडान में दो पक्षों में लड़ाई गंभीर मानवीय संकट पैदा कर रही है। उन्होंने सुरक्षा परिषद को एक ब्रीफिंग में बताया, सूडान में 15 अप्रैल से सशस्त्र बलों और त्वरित समर्थन बलों के बीच हिंसक झड़पें हो रही हैं। आम नागरिकों और सहायता कर्मियों के लिए ये संकट की घड़ी है।

15 अप्रैल से पहले भी, सूडान में मानवीय जरूरतें रिकॉर्ड स्तर पर थीं।

उन्होंने कहा कि 15.8 मिलियन लोगों को - देश की आबादी का एक तिहाई हिस्सा - मानवीय सहायता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चार मिलियन बच्चे और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं कुपोषित हैं।

मसूया ने कहा कि करीब 37 लाख लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं।

उन्होंने चेतावनी दी, यह संघर्ष मानवीय चुनौतियों की एक नई लहर पैदा कर रहा है। लड़ाई बड़े पैमाने पर सहायता कार्यों को बाधित कर रही है। मानवीय संकट आपदा में बदल रहा है।

संघर्ष में 450 से अधिक लोग मारे गए हैं और 4,000 से अधिक घायल हुए हैं। संसाधनों की कमी के कारण कम से कम 20 अस्पताल बंद हो गए हैं। मसूया ने कहा कि बिजली कटौती और ईंधन की कमी से टीके के स्टॉक और पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जो बीमारी के प्रसार को बढ़ाएगा।

यौन और लिंग आधारित हिंसा की कई रिपोर्टें आई हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य, खास कर बच्चों के बीच, अकल्पनीय है।

मसूया ने कहा कि सूडान के लोगों के लिए विश्व निकाय की प्रतिबद्धता ध्ढ़ बनी हुई है, भले ही स्थिति बेहद खतरनाक है, यह कहते हुए कि संयुक्त राष्ट्र आपूर्ति के तरीके तलाश रहा है ताकि जल्द से जल्द पोर्ट सूडान और अन्य जगहों पर सहायता प्रदान की जा सके, जब स्थिति ठीक हो।

उन्होंने कहा कि यूएन नैरोबी में एक हब सक्रिय कर रहा है, और आसपास के देशों में आने वाली शरणाथयों की बाढ़ से निपटने की तैयारी कर रहा है।

## सकंल्प पत्र के वायदे को भूल गई प्रदेश सरकार- आखिलेश यादव

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के साथ उत्तर प्रदेश में किसानों की बदहाली शुरू हो गई है। भाजपा ने जो वादे किए उनमें एक भी वादा पूरा नहीं किया। संकल्प पत्र में जो वचन दिए उसे भाजपा भूल गयी। प्रधानमंत्री जी की घोषणाएं भी हवाई हो गई है। किसान पूरी तरह अनाथ है।

किसान की आय सन् 2023 तक दोगुनी करने का वादा जोर शोर से प्रसारित किया गया था। 6 साल की राज्य की और 9 साल की केंद्र सरकार के दौर में भी इस वादे पर अमल नहीं हुआ। भाजपा ने किसानों को बहकाने के लिए हरेक के खाते में दो-दो हजार रुपए जमा करने का भी खूब प्रचार किया पर हकीकत में तमाम किसानों से उसकी वसूली के सख्त आदेश आ गए। आज किसान अपनी फसल की लागत भी नहीं निकाल पा रहा है। गेहूं की खरीद के लिए सरकारी क्रय केंद्रों में घोर अव्यवस्था दिखाई देती है।

## नैनो डीएपी से आत्मनिर्भर कृषि एवं आत्मनिर्भर भारत तथा किसानों की आय दोगुनी करने की संकल्पना को मिलेगा बलः अमित शाह

**लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा इफको नैनो डीएपी का लोकार्पण आज इफको सदन, नई दिल्ली में किया गया, जिसका सजीव प्रसारण प्रदेश के सभी सहकारी समितियों, जिला सहकारी बैंकों, सहकारिता से जुड़े सभी कार्यालयों में, इफको कृषक सेवा केन्द्रों, ई-बाजार केन्द्रों तथा अन्य केन्द्रों पर कृषकों को आमंत्रित कर दिखाया गया।

इस अवसर पर अमित शाह ने इफको के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और बताया कि ये उत्पाद किसानों एवं राष्ट्र के हित में है, जिससे आत्मनिर्भर कृषि एवं आत्मनिर्भर भारत तथा किसानों की आय दोगुनी करने की संकल्पना को बल मिलेगा। उन्होंनें इफको के प्रबंध निदेश-।क डा. उदय शंकर अवस्थी को नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी को धरातल पर उतारने के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर द्वारा प्रदेश के सभी सहकार तंत्रों एवं किसानों को उत्साहित करते हुए इफको के नैनो उत्पाद डीएपी तथा नैनो यूरिया अत्यन्त उपयोगी, स्वदेशी उत्पाद को हाथो-हाथ अंगीकृत करने, कृषि लागत कम करने और देश हित में व्यापक उपयोग करने की सलाह दी। श्री राठौर ने बताया कि दानेदार डीएपी का उपयोग पौधे मात्र 15-20 प्रतिशत ही कर पाते है और इसकी एक बोरी की कीमत रू. 1350.00 है, जो कि नैनो डीएपी से दोगुनी से भी अधिक है।

जबकि नैनो डीएपी की उपयोगिता 90 प्रतिशत से अधिक पायी गयी है और इसकी 500 मिली0 की एक बोतल की कीमत रू. 600 है। इसकी एक बोतल एक बोरी डीएपी के बराबर है और उपयोग क्षमता भी दानेदार डीएपी से अधिक है। उत्तर प्रदेश राज्य के इफको राज्य विपणन प्रबन्धक अभिमन्यु राय ने उक्त अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए किसानों का आवाहन किया कि इस क्रांतिकारी उत्पाद का व्यापक उपयोग करें एवं राष्ट्र हित के साथ-साथ उर्वरकों के बेहतर उपयोग में अग्रणी भूमिका निभाए। उन्होनें बताया कि नैनो डीएपी के ट्रायल देश के विभिन्न ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालयों, संस्थानों तथा किसानों के खेतों पर विगत तीन वर्षों से आयोजित किये गये है और इसके बेहतर परिणाम प्राप्त हुए।

इस लोकार्पण कार्यक्रम का प्रदेश के सभी जनपदों में विभिन्न संचार माध्यमों से प्रसारण किया गया, जिसमें लगभग 50 लाख से अधिक किसानों ने बिक्री केंद्रों एवं सहकारी संस्थानों पर भाग लिया और प्रसारण को सुना और लाभान्वित हुए।

उत्तर प्रदेश लखनऊ में आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता कार्यालय में भी आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त इफको, राज्य कार्यालय में भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

## अब तक 500 के अधिक भारतीय नागरिकों को सूडान से सुरक्षित निकाल चुका है भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत अब तक संघर्षग्रस्त सूडान से 534 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल चुका है और इसके लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कावेरी के तहत भारतीय नौसैनिक जहाजों और भारतीय वायु सेना के विमानों के माध्यम से भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला जा रहा है।

दो सौ अठहतर भारतीयों का पहला जत्था जेद्दा के लिए रवाना हुआ, जहां आगे की यात्रा के लिए एक पारगमन सुविधा स्थापित की गई है। आईएनएस सुमेधा पर बीती शाम को 121 और 135 भारतीयों के दो अन्य जत्थों को जेद्दा के लिए रवाना किया गया था।

विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन को जेद्दा में हैं, जहां सूडान से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। सेना और अर्धसैनिक बल के बीच लड़ाई शुरू होने के समय सूडान में मौजूद 3,000 से अधिक भारतीयों को निकालने के लिए और उड़ानें भरी जाएंगी।

# पहलवानों ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, डब्लूएफआई प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर की मांग




नई दिल्ली । भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीडऩ और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाते हुए पहलवान विनेश फोगाट और अन्य ने दिल्ली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा ने ह्यविशेष उल्लेखह्ल के दौरान यह मामला उठाया। अधिवक्ता ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखते हुए पीठ से इस मामले पर शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई। पीठ ने याचिका के सूचीबद्ध नहीं होने की बात बताते हुए श्री हुड्डा से इस मामले का मंगलवार को फिर से उल्लेख करने को कहा।

याचिका के अनुसार, फोगाट और अन्य पहलवानों ने दिल्ली पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने में ह्यअत्यधिक देरीह्ल का हवाला देते हुए श्री सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करने का पुलिस को निर्देश देने की गुहार लगाई है। सिंह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए 23 जनवरी को खेल मंत्रालय ने मशहूर मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अप्रैल के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, लेकिन इसके निष्कर्ष अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

मैरी कॉम के अलावा समिति के अन्य सदस्यों में ओलंपिक पदक विजेता-पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक सेल की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के पूर्व सीईओ राजेश राजगोपालन और भारतीय खेल प्राधिकरण के पूर्व कार्यकारी निदेशक (टीम) राधिका श्रीमन शामिल थे। ओलंपियन पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य शीर्ष भारतीय पहलवानों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर एक बार फिर रविवार से डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ अपना विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश पत्रकारों से बात करते हुए रो पड़ीं।

विनेश ने पहले आरोप लगाया था कि वह श्री सिंह द्वारा मानसिक उत्पीडऩ का शिकार हुई थीं और (दावा किया था) उन्होंने आत्महत्या के बारे में भी सोचा था। उन्होंने कहा कि रविवार को एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों ने फिर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने हालांकि, कथित तौर पर कहा था, हमें सात शिकायतें मिली हैं और फिलहाल उन सभी की जांच कर रहे हैं। ठोस सबूत मिलने के बाद हम प्राथमिकी दर्ज करेंगे। अपनी पूछताछ के दौरान, हमने पुलिस से एक रिपोर्ट मांगी है।

## कलाकार ने विराट कोहली को ग्रामीण राजस्थानी लुक दिया

जयपुर । भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली की तस्वीर को राजस्थानी लुक देते एक कलाकार का वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है। कलाकार तेजू जांगिड़ ने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर इस कैप्शन के साथ साझा किया, एटविराटडॉटकोहली ग्रामीण राजस्थानी लुक में..जांगिड़ ने विराट कोहली की तस्वीर को लाल रंग की पगड़ी और सफेद कुर्ते में पेश किया है। इसके अलावा लुक को पूरा करने के लिए वह हाथ में एक छड़ी भी थमा देते हैं। इसके बाद वह कोहली की मूंछें भी बनाते हैं।जांगिड़ का यह वीडियो उनके चित्रण को दर्शाता है कि भारतीय क्रिकेटर कोहली पारंपरिक राजस्थानी पोशाक में कैसे दिखेंगे। इंस्टाग्राम पर 2 अप्रैल को साझा किए गए इस वीडियो को अब तक 4,84,398 से अधिक लाइक और काउंटिंग मिल चुकी है। वीडियो को दर्शकों से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, और कई लोग कलाकार की अविश्वसनीय प्रतिभा से दंग रह गए हैं।सोशल मीडिया हैंडलर दिलचस्प कमेंट्स लिख रहे हैं।

# ओडिशा सरकार ने हॉकी इंडिया के साथ समझौते का विस्तार किया




भुवनेश्वर ,। ओडिशा सरकार ने भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम (सीनियर और जूनियर) के प्रायोजन समझौते को 10 वर्षों तक बढ़ा दिया है।

राज्य सरकार के खेल विभाग से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, ओडिशा सरकार 2033 तक भारतीय टीमों को प्रायोजित करेगी। इस समझौते के तहत ओडिशा सरकार अगले 10 वर्षों में भारतीय टीमों पर कुल 434.12 करोड़ का व्यय करेगा।

ओडिशा सरकार ने विज्ञप्ति में कहा, ओडिशा सरकार हॉकी के खेल की प्रमुख प्रवर्तक रही है और हॉकी इंडिया के साथ राज्य की साझेदारी ने देश में इस खेल के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

टोक्यो ओलंपिक में दोनों टीमों की उपलब्धियां, जहां पुरुषों की टीम ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता और महिला टीम पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची, महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है।

ओडिशा सरकार 2018 से पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय हॉकी टीमों की आधिकारिक प्रायोजक रही है। इससे पहले, ओडिशा माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएमसी) ने भारतीय हॉकी टीमों के प्रायोजन के लिये हॉकी इंडिया के साथ पांच साल का समझौता किया था।

विज्ञप्ति में कहा गया कि हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की अनुरोध के आधार पर ओएमसी लिमिटेड ने समझौते के विस्तार के लिये सरकार की मंजूरी मांगी थी, जिसे आज कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी।

विज्ञप्ति में कहा गया, हॉकी ओडिशा में युवाओं के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय खेल है। इस निर्णय के साथ सरकार का लक्ष्य खेल को और बढ़ावा देना एवं अधिक युवा खिलाड़ियों को खेल की ओर आकर्षित करना है, जो राज्य में प्रतिभा की एक मजबूत कड़ी बनाने में मदद करेगा।

# गेंदबाजों के दम पर दिल्ली विजयी, हैदराबाद पर सात रन की रोमांचक जीत




हैदराबाद ,। दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाजों के साहसी प्रदर्शन की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की।

दिल्ली ने सनराइजर्स के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में मेज़बान टीम 137 रन तक ही पहुंच सकी।

दिल्ली के ऊपरी क्रम ने एक बार फिर निराशाजनक प्रदर्शन किया, हालांकि मनीष पांडे (27 गेंद, 34 रन) और अक्षर पटेल (34 गेंद, 34 रन) ने छठे विकेट के लिये 69 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। यह स्कोर सनराइजर्स के लिये बहुत बड़ा साबित हुआ।

दिल्ली की कसी हुई गेंदबाजी के आगे सनराइजर्स के बल्लेबाज कभी भी हाथ नहीं खोल सके। हेनरिक क्लासेन 19 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 31 रन की पारी खेलकर मेजबान टीम को जीत की ओर ले जा रहे थे, हालांकि 19वें ओवर में उनके आउट होने से मैच का रोमांच बढ़ गया।

सनराइजर्स को आखिरी ओवर में मात्र 13 रन बनाने की जरूरत थी, लेकिन क्रीज पर वाशिंगटन सुंदर और मार्को जैनसेन मौजूद थे। सुंदर ने पहली गेंद पर दो रन बनाये, हालांकि मुकेश कुमार ने अगली पांच गेंदों पर सिर्फ तीन रन देकर दिल्ली को जीत दिलाई।

पिछले मैच में सीजऩ की पहली जीत दर्ज करने वाली दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की जगह टीम में आये फिलिप सॉल्ट भले ही शून्य रन पर पवेलियन लौट गये, लेकिन मिचेल मार्श ने दूसरे ओवर में मार्को जैनसेन को चार चौके जड़ते हुए 19 रन बटोरे।

शुरुआती नौ गेंदों पर सिर्फ एक रन बनाने वाले वॉर्नर ने भी चौथे ओवर में बाहें खोलकर वाशिंगटन सुंदर को एक चौका और एक छक्का जड़ा। दोनों ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने दूसरे विकेट के लिये 38 रन की साझेदारी की, हालांकि इस साझेदारी के बाद दिल्ली की समस्याएं शुरू हुईं।

मार्श 15 गेंद पर 25 रन बनाकर टी नटराजन का शिकार हो गये, जिसके बाद सुंदर के एक ओवर ने मैच का रुख पलट दिया। सुंदर इस आईपीएल सीजन में अब तक एक भी विकेट नहीं ले सके थे, लेकिन उन्होंने आठवें ओवर में वॉर्नर (20 गेंद, 21 रन), सरफराज़ खा़न (10 रन) और अमन हाकिम खान (चार रन) सहित तीन बल्लेबाजों को आउट करके दिल्ली की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया।

दिल्ली का स्कोर पलक झपकते ही 57/2 से 62/5 हो गया, जिसके बाद मनीष और अक्षर ने पारी को संभाला। अक्षर को तेज खेलने में संघर्ष करना पड़ा, हालांकि मनीष ने 11वें ओवर में उमरान मलिक की गेंद पर चौका लगाकर दबाव कम किया।

अक्षर और मनीष के बीच छठे विकेट के लिये 69 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। अक्षर ने 17वें ओवर में मयंक मारकांडे को तीन चौके लगाकर पारी की रफ्तार बदलना चाही, हालांकि वह 34 गेंद पर 34 रन बनाकर अगले ओवर में भुवनेश्वर का शिकार हो गये।

भुवनेश्वर और नटराजन ने आखिरी तीन ओवरों में दिल्ली को रन बटोरने का मौका नहीं दिया, जिसके कारण दिल्ली को तीन रनआउट भी देखने पड़े।

मनीष 27 गेंद पर दो चौकों की मदद से 34 रन बनाकर 19वें ओवर में रनआउट हो गये, जबकि 20वें ओवर में आनरिक नॉर्खिया और रिपल पटेल रनआउट हुए। कुलदीप यादव ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर दिल्ली के लिये पारी का सकारात्मक अंत किया।

दिल्ली के बल्लेबाजों ने बड़ा स्कोर नहीं बनाया था लेकिन उसके गेंदबाज पहले ओवर से ही सनराइजर्स पर हावी रहे। इशांत शर्मा ने पहले ही ओवर में एक मौका भी बनाया, हालांकि स्लिप में खड़े मिचेल मार्श शून्य रन पर खेल रहे मयंक का कैच नहीं पकड़ सके।

दूसरे छोर से हैरी ब्रूक को रन बनाने के लिये संघर्ष करना पड़ा और वह 14 गेंद पर सात रन बनाकर पावरप्ले के आखिरी ओवर में आनरिक नॉर्खिया का शिकार हो गये। दिल्ली के गेंदबाजों ने पावरप्ले के बाद भी अनुशासन बनाये रखा और 27 गेंदों तक सनराइजर्स के बल्लेबाजों को कोई बाउंड्री नहीं लगाने दी।

मयंक ने अंततः 11वें ओवर में मार्श को चौका लगाकर दबाव हटाना चाहा, लेकिन अगले ही ओवर में वह लॉन्ग ऑन को कैच देकर आउट हो गये। सनराइजर्स की समस्याएं यहां समाप्त नहीं हुईं और इशांत ने 13वें ओवर में राहुल त्रिपाठी (21 गेंद, 15 रन) को विकेटकीपर फिलिप सॉल्ट के हाथों कैचआउट करवा दिया।

दिल्ली ने मैच पर शिकंजा कसते हुए अभिषेक शर्मा (पांच) और एडेन मार्करम (तीन) को भी दहाई के आंकड़े तक पहुंचने से पहले पवेलियन भेज दिया। मार्करम के रूप में सनराइजर्स का पांचवां विकेट गिरने से दिल्ली काफी हद तक मैच में वापस आ गयी, हालांकि क्लासेन अब भी पिच पर मौजूद थे।

सनराइजर्स को जब चार ओवर में 51 रन की दरकार थी तब क्लासेन ने नॉर्खिया के विरुद्ध एक चौका और एक छक्का लगाकर 13 रन बटोरे। सुंदर ने 18वें ओवर में उनका साथ दिया और सनराइजर्स 18 रन बटोरने में सफल रही। सनराइजर्स ने 19वें ओवर में भी 10 रन बनाये, हालांकि इस ओवर में नॉर्खिया ने क्लासेन का विकेट चटका लिया।सनराइजर्स को आखिरी छह गेंद पर सिर्फ 13 रन की जरूरत थी लेकिन क्रीज पर दो गेंदबाजी ऑलराउंडर मौजूद थे।

## फिल्मी सफर

# विद्युत जामवाल की फिल्म आईबी71 का ट्रेलर रिलीज, सीक्रेट मिशन पर निकले अभिनेता



अभिनेता विद्युत जामवाल काफी समय से फिल्म आईबी71 को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं। कुछ ही दिन पहले विद्युत ने ऐलान किया था कि 24 अप्रैल को उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने वाला है। तभी से प्रशंसक इसे लेकर बेसब्र थे। अब आखिरकार उनका यह इंतजार खत्म हो गया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विद्युत ने भी सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है।

ट्रेलर देख लगता है कि यह एक शानदार स्पाई थ्रिलर फिल्म होगी। विद्युत अंडरकवर एजेंट देव जामवाल बन देश को बचाने निकले हैं। उन्होंने अनुपम खेर के साथ मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ एक सीक्रेट मिशन तैयार किया है। वो खुफिया मिशन, जिसके चलते भारत ने पाकिस्तान को 1971 के युद्ध में हराया था। विद्युत और अनुपम के डायलॉग ध्यान खींच रहे हैं। आईबी71 भारतीय खुफिया एजेंसियों और पाकिस्तानी एजेंसियों के बीच दो मोर्चों पर युद्ध के इर्द-गिर्द घूमती है।

आईबी71 को विद्युत के प्रोडक्शन हाउस एक्शन हीरो फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। विद्युत ने पहली बार किसी फिल्म के प्रोडक्शन का काम भी संभाला है। विद्युत ने 2021 में बॉलीवुड में 10 साल पूरे होने पर अपने प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की थी। उन्होंने आईबी71 की घोषणा कर कहा था कि इसके जरिए वह प्रोडक्शन की दुनिया में एक अद्भुत सफर तय करने जा रहे हैं। फिल्म के निर्देशक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संकल्प रेड्डी हैं।

विद्युत ने कुछ दिन पहले फिल्म का शानदार टीजर रिलीज किया था, जिसके जरिए उन्होंने यह जानकारी भी दी थी कि उनकी यह फिल्म इस साल 13 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। सस्पेंस से भरपूर यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि किस तरह भारतीय खुफिया अधिकारियों ने पूरे पाकिस्तानी प्रतिष्ठान को हिला कर रख दिया था। इस फिल्म में विद्युत एक इंटेलिजेंस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं।

विद्युत फिल्म शेर सिंह राणा में भी दिखेंगी। टॉयलेटः एक प्रेम कथा के निर्देशक श्री नारायण सिंह इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। विद्युत ने इस फिल्म से जुडक़र कहा, शेर सिंह राणा मेरी पहली बायोपिक है। मुझे लगता है कि नियति ने ही यह तय किया है, जिसके कारण निडर शेर सिंह की भूमिका मेरी झोली में आई। विद्युत फिल्म क्रैक में भी दिखेंगे। वह इसके सह-निर्माता भी हैं। इसमें उनके साथ जैकलीन फर्नांडिस और अर्जुन रामपाल नजर आएंगे।

# 40 डिग्री तापमान में 4 लेयर के कपड़े पहन डिनो मोरिया ने की एजेंट की शूटिंग



अभिनेता डिनो मोरिया, जो अपकमिंग फिल्म एजेंट के जरिए तेलुगू इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहे हैं, ने खुलासा किया कि प्रोजेक्ट की शूटिंग चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि रोल की डिमांड के अनुसार उन्हें कपड़ों की चार लेयर पहनकर चिलचिलाती गर्मी में शूटिंग करनी पड़ी।

फिल्म की शूटिंग बुडापेस्ट, हैदराबाद और ओमान जैसे अलग-अलग जगहों पर हुई। रेगिस्तान में और ओमान के तटों के पास शूटिंग करते समय तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तक था।

डिनो, जो फिल्म में विलेन की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहाः ओमान में शूटिंग करना एक बेहद चुनौतीपूर्ण अनुभव था, मौसम बहुत गर्म था और हम जिस एक्शन को फिल्मा रहे थे, उसके लिए मेरा लुक कपड़ों की 4 लेयर के साथ था। मुझे तेज धूप में एक्शन सीन करना था, मैं सचमुच पक रहा था।

उन्होंने कहा कि उन्होंने शूटिंग में अपना बेस्ट देने के लिए फोकस किया।

एक्टर ने कहा, हमने इसे पूरा किया। अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना हमेशा रोमांचक होता है, और मैं इसे लेकर रोमांचित हूं। मैं इस तरह के साहसी किरदार के साथ अपना तेलुगू डेब्यू कर रहा हूं। एजेंट, जिसमें अखिल अक्किनेनी और ममूटी भी हैं, 28 अप्रैल को रिलीज होने के लिए तैयार है।

# आयुष शर्मा की रुस्लान का टीजर जारी, एक्शन अवतार में नजर आए अभिनेता

सलमान खान की बहन के पति और अभिनेता आयुष शर्मा अब तक दो फिल्मों में नजर आए हैं। जहां एक लव ड्रामा फिल्म थी, वहीं दूसरी एक एक्शन पैक्ड फिल्म थी। दर्शकों का दोनों की फिल्मों को कुछ ज्यादा अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला, लेकिन आयुष शर्मा एक बार फिर फैंस के बीच अपना एक्शन अवतार लेकर लौट रहे हैं। अंतिम के बाद आयुष शर्मा अपनी फिल्म रुसलान लेकर आ रहे हैं। पिछले दिनों हुए इस फिल्मं के एलान के बाद अब रुसलान का पहला टीजर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा एक्शन अवतार में अपनी आगामी फिल्म रुसलान के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। इसका टीजर आज रिलीज हो गया है। वीडियो में आयुष शर्मा जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। रुस्लान एक एक्शनर फिल्म है, जिसका निर्देशन कात्यायन शिवपुरी ने किया है। सामने आए इस टीजर को देखकर पता लग रहा है कि यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म होने वाली है, जिसमें आयुष शर्मा जबर्दस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं।टीजर में आयुष शर्मा के साथ-साथ जगपति बाबू भी नजर आ रहे हैं। जहां आयुष शर्मा के किस किरदार में है, वो खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन जगपति बाबू फिल्म में पुलिस का किरदार निभाते दिख रहे हैं। फिल्म में सुश्री मिश्रा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म केके राधामोहन ने प्रोड्यूस की है। यह फिल्म पोस्ट प्रोडक्शन में है। आयुष ने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, इंपेशेंट हूं, इंपल्सिव हूं और प्रोटोकॉल तो बिलकुल फॉलो नहीं करता हूं। तभी रुसलान के नाम से जाना जाता हूं। आ रहा हूं हाथ मैं गन और गिटार लेकर आ रहा हूं क्योंकि इस बार गिटार भी बजेगा और गन भी। टीज हुआ रिलीज।

# सलमान की किसी का भाई किसी की जान की कमाई में आया उछाल, 50 करोड़ का आंकड़ा पार



सलमान खान स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म ह्यकिसी का भाई किसी की जानह्ल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म का क्रेज ऑडियंस के सिर चढक़र बोल रहा है और इसी के साथ भाई जानी की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन भी कर रही है. हालांकि फिल्म की ओपनिंग खुद खास नहीं रही थी लेकिन वीकेंड पर फिल्म ने रफ्तार पकड़ी और टिकट खिडक़ी पर कई करोड़ बटोर लिए.

वीकेंड पर हुई शानदार कमाई ने सलमान खान को भी खुश कर दिया है और उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर फिल्म को भरपूर प्यार देने के लिए फैंस और ऑडियंस का शुक्रिया भी कहा है. चलिए यहां जानते हैं ह्यकिसी का भाई किसी की जानह्ल ने रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को कितनी कमाई की है?

फरहाद सामजी द्वारा डायरेक्ट की गई ह्यकिसी का भाई किसी की जानह्ल ने अपने पहले दिन महज 13 करोड़ रुपये कमाए थे. सलमान खान की फिल्म के लिए ये अच्छी ओपनिंग नहीं मानी गई. लेकिन 22 अप्रैल को ईद की छुट्टी पर सिनेमाघरों में ह्यकिसी का भाई किसी की जानह्ल को देखने के लिए ऑडियंस उमड़ पड़ी और नतीजनत फिल्म के कलेक्शन में भी इजाफा हुआ और दूसरे दिन फिल्म ने 25 करोड़ का कारोबार किया.वहीं अब सलमान की फिल्म के तीसरें दिन यानी संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने संडे को 26.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ ह्यकिसी का भाई किसी की जानह्ल का कुल कलेक्शन अब 64.25 करोड़ रुपये हो गया है.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com